हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025


व्यापार विहार में सीवरेज का उखड़ा चेम्बर



दोपहर तक कुछ दुकानें रहीं बंद, पेट्रोल पंप बंद कर सभी ने दिया समर्थन

# शहर में बंद का रहा मिला जुला असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांकेर में धर्मांतरण के हिंसक विरोध और प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ बुधवार को शहर में बंद का मिला जुला असर रहा। इस दौरान व्यवसायिक प्रतिष्ठान, पेट्रोल पंप, सराफा बाजार के व्यापारियों ने दुकानें बंद कर अपना समर्थन दिया।

जानकारी के अनुसार कांकेर आमाबेड़ा में धर्मातंरण के हिंसक विरोध और प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ प्रदेश सर्व समाज ने बुधवार की सुबह से शहर में मुख्य दुकानों को बंद कराना शुरु कर दिया था। सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं सराफा एसोसिएशन ने बंद को भी अपना समर्थन दिया। सर्वसमाज के लोगों ने देवकीनंदन स्कूल चौक से निकलकर सिम्स चौक, कोरोना चौक, सदर बाजार, गोलबाजार होते हुए शनिचरी बाजार और जूना बिलासपुर पहुंचे, जहां उनके पहुंचने से पहले ही व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों का शटर बंद कर दिया था।





### व्यापार विहार में पसरा सन्नाटा

शहर के मुख्य मार्केट व्यापार विहार के व्यापारियों ने भी सर्वसमाज के लोगों को बंद का पूरा समर्थन दिया। इस दौरान सुबह 10 बजे से किसी भी दुकानदारों ने अपने दुकानों के शटर ओपन नहीं किए। व्यापार विहार में केवल एक, दो दुकानों को छोड़कर सारी दुकानें बंद रही, जिसके कारण व्यापार विहार के क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा।

### पेट्रोल के लिए भटके लोग



सर्वसमाज के बंद को समर्थन देने में पेट्रोल पंप संचालक भी पीछे नहीं रहे। सुबह शहर बंद के साथ मुख्य पुलिस पेट्रोल पंप, अंतुलाल पेट्रोल पंप देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक स्थित पेट्रोल पंप सुबह से दोपहर तक संचालकों ने बंद रखा। इसके कारण सुबह से दोपहर 2 बजे तक लोग अपने-अपने वाहनों में पेट्रोल भरवाने के लिए भटकते रहे।

### बुधवारी बाजार रहा ओपन

कांकेर में हुए धर्मांतरण के विरोध में शहर के व्यापारियों का सर्वसमाज के लोगों को समर्थन रहा। वहीं रेलवे क्षेत्र के मुख्य बाजार बुधवारी बाजार में छोटे और बड़े व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें ओपन रखी।

### गोलबाजार, सदर बाजार बंद

सर्वसमाज के लोग बंद कराने के लिए नेहरु चौक से रवाना हुए। इस दौरान देवकीनंदन स्कूल चौक से लेकर सिम्स चौक, सदर बाजार और गोल बाजार में सराफा एसोसिएशन के बंद को अपना समर्थन देने के कारण ज्वेलरी दुकानों में शटर डाउन रहा। इसके अलावा गोलबाजार के होटलों के अलावा किराना दुकान, बर्तन दुकान एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी दोपहर 2 बजे तक नहीं खोले गए।



### रैली निकाल कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

छत्तीसगढ़ बंद के आह्वान पर शहर के लाल बहादुर शास्त्री शाला, सिटी कोतवाली के सामने, शनिचरी मार्केट से प्रारंभ हुई शांतिपूर्ण एवं अनुशासित रैली में हजारों की संख्या में समाजजन, व्यापारी वर्ग, विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। यह रैली शहर की प्रमुख सड़कों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुँची, जहाँ कलेक्टर संजय अग्रवाल को सर्व समाज के प्रमुखों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। रैली से पूर्व आयोजित सभा आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने आमाबेड़ा—बड़े तेवड़ा प्रकरण के वास्तविक तथ्यों, संविधान की पाँचवीं अनुसूची, ग्राम सभा के अधिकार, जनजातीय समाज की आस्था-परंपरा (पेन-पुरखा) तथा प्रदेश में बढ़ते सामाजिक विभाजन और भ्रामक प्रचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की। सभा के दौरान वंदेमातरम मित्र मंडल से महेंद्र जैन, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज से अरविंद दीक्षित, मर्चेंट एसोसिएशन एवं सिंधी समाज से विनोद मेघानी, नगर संघ चालक प्रदीप शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल करेंगे युवा महोत्सव का समापन

**बिलासपुर।** युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का समापन 25 दिसंबर को होगा। इस महोत्सव में प्रदेशभर से चयनित युवा कलाकार अपनी सांस्कृतिक, संगीत एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से समृद्ध छत्तीसगढ़ी संस्कृति और युवा शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में विजेता टीमों को राज्यपाल रामेन डेका द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। समापन समारोह में आरु साहू के लोक गायन के साथ काफिला, स्वप्निल और दायरा बस्तर बैंड की प्रस्तुति होगी। महोत्सव की शुरुआत शाम 4.30 बजे स्वप्निल लाइव बैंड की संगीतमय प्रस्तुति से होगी। इसके बाद 5.30 से 6.30 बजे तक लोक गायिका आरू साहू विशेष प्रस्तुति देंगी, जो युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। शाम 7 से 8 बजे तक पुरस्कार वितरण समारोह होगा, जिसमें राज्यपाल रामेन डेका द्वारा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### 64.80 करोड़ में होगा चार सड़क खंडों का निर्माण

**बिलासपुर।** राज्य शासन ने बिलासपुर-पंडरिया राष्ट्रीय राजमार्ग-130ए में सड़क और नाली के निर्माण के लिए निविदा को मंजूरी दे दी है। विभाग ने निविदा स्वीकृति का पत्र राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र रायपुर के मुख्य अभियंता को जारी कर दिया है। 64 करोड़ 80 लाख रुपए की अनुमानित लागत से तखतपुर, मुंगेली, पंडरिया और पोंडी में राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क खंडों का निर्माण किया जाएगा।

### पीएम फसल बीमा योजना प्रीमियम जमा 31 तक

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी फसल 2025-26 के लिए जिले में फसल बीमा के अंतर्गत प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। योजना अंतर्गत जिले के कुल 88 ग्राम अधिसूचित किए गए हैं, जिनमें गेहूं, चना, सरसों एवं अलसी फसलें अधिसूचित है। ऋणी कृषक अपने संबंधित सहकारी समिति अथवा बैंक के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं।

घने कोहरे का अलर्ट

## शीतलहरः तापमान में गिरावट की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में शीतलहर का असर जारी है। प्रदेश उत्तरी इलाकों सहित कई जिलों में घना कोहरा छा रहा है। विभाग ने इस दौरान घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ में ठंड ने जोर पकड़ चुका है। मौसम विभाग ने 24 से 25 दिसंबर के बीच प्रदेश के कई जिलों में शीत लहर और मध्यम से घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। कई जिलों में ठंडी हवाओं के कारण तापमान सामान्य से नीचे जा सकता है। इस दौरान उत्तरी छत्तीसगढ़ के जिलों में मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। कोरबा, रायगढ़ और गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिलों में भी सुबह के समय घने कोहरे का असर देखने को मिल सकता है। बिलासपुर संभाग में एक-दो स्थानों पर घना कोहरा छाने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।



## कोटा टीआई नवरंग लाइन अटैच, चौहान होंगे नए प्रभारी

**बिलासपुर।** एसएसपी ने कोटा टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। जिला विशेष शाखा में पदस्थ टीआई नरेश चौहान को नया कोटा थाना प्रभारी बनाया गया है। 24 दिसंबर को एसएसपी रजनेश सिंह ने कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग को लाइन अटैच कर दिया है। आदेश में प्रशासनिक दृष्टिकोण से हटाने की बात लिखा है। आदेश जारी होने के बाद पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है। आदेश में कोई भी कारण नहीं बताया गया है।

## महाधिवक्ता कार्यालय की नई लीगल टीम बनाई गई

राज्य सरकार ने की नियुक्ति, 59 वकीलों की टीम करेगी काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश सरकार ने बिलासपुर हाईकोर्ट में पैरवी के लिए महाधिवक्ता कार्यालय की नई लीगल टीम बनाई है। एडिशनल एजी और डिप्टी एजी समेत 59 वकीलों की टीम एडवोकेट जनरल के साथ काम करेगी।

पिछले माह महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया था। इसके बाद विवेक शर्मा को उनके स्थान पर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था।



कुछ दिनों बाद अतिरिक्त महाधिवक्ता रणवीर सिंह मरहास ने भी इस्तीफ़ा दे दिया था। बुधवार को सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए देर शाम पहले सभी पुरानी नियुक्तियों को रद्द किया और कुछ समय बाद नया दूसरा आदेश जारी करते हुए 59 वकीलों की नई टीम बना दी है। टीम में 6 अतिरिक्त महाधिवक्ता, 8 उप महाधिवक्ता, 17 शासकीय अधिवक्ता और 18 उप शासकीय अधिवक्ता शामिल है। अतिरिक्त महाधिवक्ताओं में प्रवीन दास, आशीष शुक्ल, यशवंत ठाकुर, राजकुमार गुप्ता, गैरी मुखोपाध्याय, शशांक ठाकुर,उप महाधिवक्ताओं में संजीव पाण्डेय, विनय पाण्डेय, धर्मेश श्रीवास्तव, आनंद ददरिया, डा सौरभ पाण्डेय, प्रसून कुमार भादुड़ी, दिलमंत रति मिंज, सुमित सिंह के नाम हैं।

# नवजात की मौत से हंगामा, जांच के आदेश

परिवार ने लगाया लापरवाही का आरोप

9 माह से इलाज करा रही थी गर्भवती महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रसव के लिए अपोलो हास्पिटल गई महिला के परिजनों के द्वारा बोलने के बाद भी डाक्टरों ने आपरेशन नहीं किया। आपरेशन में की गई देरी की वजह से नवजात की मौत हो गई। वहीं पीड़िता की हालत नाजुक बनी हुई है। मामले के जांच के आदेश दिए गए हैं।


परिजन पवन अग्रवाल

जानकारी के अनुसार विनोबा नगर निवासी पीहू अग्रवाल पति भास्कर नालोटिया अग्रवाल 2 दिनों से प्रसव के लिए अपोलो में भर्ती थी। परिजन सुबह से ही लगातार अपोलो अस्पताल से संपर्क में थे। इस दौरान पीहू को अत्यधिक खांसी की दिक्क्त थी, जिसके कारण डाक्टर आपरेशन नहीं करना चाह रहे थे। परिजनों ने इसके लिए अपोलो अस्पताल के अन्य डाक्टर दीपक अग्रवाल से ओपीडी में मुलाकात की और जांच कराई। जिस पर डाक्टर ने आपरेशन कराने की सलाह दी। परिजनों ने प्रबंधन को आपरेशन करने के लिए कहा, लेकिन गायकोनोलॉजिस्ट डॉ रश्मि शर्मा द्वारा आपरेशन नहीं किया गया। रात 10 बजे गर्भवती महिला को पेट में हलचल प्रतीत नहीं होने पर डाक्टरों को बुलाया गया, रात के एक बजे सोनोग्राफी करने पर पेट में ही नवजात की मौत होने की बात सामने आई। आनन-फानन में नवजात को बाहर निकालना पड़ा। इस दौरान पीड़िता की स्थिति बेहद नाजुक हो गई थी, जिसके कारण उसे आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। सुबह से अपोलो अस्पताल में हंगामा मचना शुरू हो गया। परिजन डाक्टर व अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते रहे, प्रबंधन ने परिजनों से 4 घंटे तक बंद कमरे में चर्चा की, इसके बाद घटना की शिकायत कलेक्टर डां संजय अग्रवाल और एसपी रजनेश सिंह से की गई है।


लेबर रूम के बाहर बैठे परिजन।

### मेडिकल लाइसेंस निरस्त करने की मांग

परिजन पवन अग्रवाल ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि डॉ रश्मि शर्मा को कई बार कहने के बाद भी आपरेशन नहीं करना उसकी गैरजिम्मेदारान रवैये का दर्शाता है। परिजनों ने नवजात की मौत पर हत्या का आरोप लगाया है और डॉ रश्मि शर्मा का मेडिकल लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है।

### सोनोग्राफी रिपोर्ट को लेकर गड़बड़ी

बताया जा रहा है कि सुबह सोनोग्राफी के दौरान बच्चे के गले में 3 बार नाल फंसने की बात कही गई, लेकिन रात में पेट में हरकत नहीं होने पर दोबारा सोनोग्राफी और डाप्लर कराया गया, इस दौरान महज 1 बार ही नाल फंसा पाया गया जबकि नाल फंसने के कारण आपरेशन नहीं किया गया था। प्रबंधन मामले को छिपाने के लिए हर बार अपनी बात बदलता रहा है, जिससे परिजनों का संदेह बढ़ गया है।

### गार्ड ने परिजन और मीडिया को रोका

खास बात यह है कि अपोलो प्रबंधन अपनी गलती छुपाने के लिए पहले तो परिजनों को बरगलाता रहा और बंद कमरे में 4 घंटे तक चर्चा के तौर पर तरह-तरह की दलील देता रहा, लेकिन परिजनों ने उसकी बातों पर भरोसा नहीं किया और मेडिकल टर्म में सही साबित करने के रवैये पर कड़ा एतराज जताया। इस दौरान मीडिया को भनक लगने के बाद पहुंचें मीडिया कर्मी से प्रबंधन का रवैया खराब रहा और गार्ड ने सभी को बाहर निकलने की धमकी दी। जिसके बाद मामला और भी बिगड़ गया ।

### चेस्ट और बैक पेन से पीड़ित थी गर्भवती

महिला प्रसव पीड़ा से नहीं आई थी, अपोलो में चेस्ट व बैक पेन के कारण आई थी उनको खांसी भी काफी थी, जिसका डॉ गुप्ता इलाज कर रहे थे। प्रसव से 3 हफ्ते पहले आने के कारण मरीज व परिजनों ने स्वयं की लेबर पेन का इंतजार करने की बात कही थी। हमने अपनी तरह से सभी तरह के प्रोटोकॉल पूरे किए हैं। बच्चे को बचाने में कोई कमी नहीं की गई है। हमारी प्राथमिकता नवजात व गर्भवती महिला दोनों ही थे, लेकिन बच्चे की मौत हुई है इसका खेद है।

- **डॉ. रश्मि शर्मा,** गायकोनोलॉजिस्ट अपोलो अस्पताल

### जांच के आदेश

कलेक्टर ने हमें जांच टीम बनाकर जांच रिपोर्ट देने कहा है। शाम को आदेश मिला है। गुरूवार को छुट्टी है, इसलिए अगले दिन टीम बनाकर जांच कराई जाएगी। उचित कार्रवाई की जाएगी।

- **डॉ शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ



# नव वर्ष से ई-ऑफिस लागू करने विभागों में चल रहे काम

**बिलासपुर।** राज्य शासन द्वारा 1 जनवरी से ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत काम करने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। जिले में 2334 अधिकारी एवं कर्मचारियों की आईडी एवं पासवर्ड बना लिए गए हैं। इन सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस में ऑनबोर्डिंग किया जा चुका है। विभिन्न कार्यालयों में 3411 से अधिक फाईलों का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। वर्तमान में बिलासपुर जिला ई-ऑफिस के संचालन के संबंध में राज्य में 9 वें रैंक पर है। विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को एनआईसी के द्वारा कई चरणों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रति सप्ताह इसकी टीएल बैठक में समीक्षा की जा रही है। ई-ऑफिस व्यवस्था से सरकारी काम में तेजी आयेगी और लोगों का काम भी जल्दी होगा। ई-ऑफिस के कामकाज के संबंध में 26 दिसम्बर को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्हें 1 जनवरी से शुरू हो रहे ई-ऑफिस व्यवस्था के बारे में विशेषज्ञों द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को एक अधिकारी और एक कर्मचारी को अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# त्रिवेणी भवन में होगा साधना शिविर, पूजन एवं दीक्षा 30 से

**बिलासपुर।** त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार में परम पूज्य सदगुरु देव, स्वामी निखिलेश्वरंद महाराज डॉ. नारायण दत्त श्री माली की असीम अनुकंपा एवं आशीर्वाद से सदगुरु देव कैलाश चंद्र श्रीमाली, माता शोभा श्री माली एवं सदगुरु देव विनीत श्री माली के सान्निध्य में तीन दिवसीय साधना शिविर, पूजन एवं दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन 30-31 दिसम्बर व 1 जनवरी को किया जा रहा है। तीन दिन तक आयोजित इस साधन शिविर में शिवत्व कुबेर लक्ष्मीमय साधना दीक्षा के लिए - 11000 रुपए, हवन युक्त सर्व दुर्गतीनाशाय योग भोग धनदा लक्ष्मी दीक्षा के लिए 3500 रुपए, शिव गौरीमय संतान सुखदा कुल वंश वृद्धि जीवट युक्त दीक्षा 2700 रुपए, नूतन वर्ष मंगला गौरी कुल वंश वृद्धि शाकंभरी शिवत्व सहस्त्र लक्ष्मी प्राप्ति दीक्षा के लिए 2400 रुपए, कुबेर श्री विग्रह व धनदा लक्ष्मी माला के लिए 11000 रुपए, सर्व कामना पूर्ति नूतन मंगलमय कुबेर साधना दीक्षा 11000 रुपए, महामाया सौभाग्य नूतन वर्ष सुमंगलता धनदा लक्ष्मी कुबेर श्री वृद्धि साधना युक्त दीक्षा 11000 रुपए गुरु दीक्षा - 2400 रुपए आयोजन समिति के पास जमाकर दीक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

# शांति, सद्भाव और खुशियों का पर्व : क्रिसमस




**दिसंबर का महीना आते ही चारों ओर उत्सव का माहौल छा जाता है। कड़ाके की ठंड के बीच 25 दिसंबर का दिन दुनिया भर में 'क्रिसमस' के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार न केवल ईसाई समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आज यह विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के बीच प्रेम और भाईचारे का प्रतीक बन चुका है।**

## धार्मिक महत्व और इतिहास

क्रिसमस प्रभु ईसा मसीह (जीसस क्राइस्ट) के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, ईश्वर ने मानवता को सही राह दिखाने और प्रेम का संदेश फैलाने के लिए अपने पुत्र को पृथ्वी पर भेजा था। ईसा मसीह के शांति और क्षमा के संदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने सदियों पहले थे। उनके जन्म की खुशी में ही आधी रात को चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती हैं।



## सांता क्लॉज और क्रिसमस ट्री

क्रिसमस की कल्पना सांता क्लॉज और जगमगाते क्रिसमस ट्री के बिना अधूरी है। लाल कपड़ों में सफेद दाढ़ी वाले 'सांता क्लॉज' बच्चों के बीच सबसे लोकप्रिय हैं, जो खुशियां और उपहार बांटने का प्रतीक माने जाते हैं। वहीं, क्रिसमस ट्री को रंग-बिरंगी लाइटों, सितारों और खिलौनों से सजाया जाता है, जो जीवन की निरंतरता और खुशहाली का प्रतीक है। घरों में केक, कुकीज़ और विशेष पकवान बनाए जाते हैं, जिनकी खुशबू वातावरण को और भी खुशनुमा बना देती है। वर्तमान समय में क्रिसमस का स्वरूप काफी व्यापक हो गया है। आज यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक एकजुटता का अवसर बन गया है। लोग अपने मित्रों और रिश्तेदारों से मिलते हैं, उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं और एक-दूसरे को 'मेरी क्रिसमस' कहकर शुभकामनाएं देते हैं। यह त्योहार हमें सिखाता है कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं।

## एक उद्धारकर्ता यीशु

इस त्वरित बदलते हुए परिवेश में यीशु मसीह के शुभ-संदेश में वह सामर्थ है, जिससे मनुष्य के जीवन की संभावनाएं अधिक उत्पादक एवं उपयोगी हो सकती हैं। परंपराओं का उल्लेख मिलता है। सन 490 ईस्वी में बिशप परपेटस (Bishop Perpetus), जो टूरस नगर में रहते थे, उन्होंने क्रिसमस मनाने की तैयारी हेतु 11 नवम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उपवास रखने की प्रथा प्रारंभ की। यह परंपरा शीघ्र ही अनेक चर्चों में फैल गई। आर्थोडॉक्स चर्चों में क्रिसमस से चार सप्ताह पूर्व, 15 नवम्बर से 24 दिसम्बर तक एडवेंट (Advent) के रविवार मनाए जाते थे, जो यीशु के जन्म की प्रतीक्षा और तैयारी का समय होता था। आर्मेनियन आर्थोडॉक्स चर्च में 15 दिसम्बर से 6 जनवरी तक एपिफेनी (Epiphany) अर्थात् प्रभु-प्रकाश पर्व मनाया जाता था, जिसमें उस तारे की स्मृति की जाती है जिसने बैतलहम तक मार्ग दिखाया, जहाँ यीशु का जन्म हुआ। समय के साथ-साथ लोगों ने क्रिसमस मनाने के अनेक भिन्न-भिन्न तरीके खोज लिए। परमेश्वर ने संसार की झूठी व्यवस्थाओं का उत्तर किसी सिद्धांत के रूप में नहीं, बल्कि एक छोटे बालक के रूप में दिया यीशु के रूप में। परमेश्वर का प्रेम किसी दर्शन में सीमित न होकर एक व्यक्ति में प्रकट हुआ। यीशु के जीवन और शिक्षाओं ने मनुष्य के जीवन को उद्देश्यपूर्ण बना दिया। उन्होंने भयभीत मनुष्य को संघर्ष के साथ जीना और शांति के साथ मरना सिखाया। सभ्यताएं आईं और समाप्त हो गईं, दर्शन उभरे और असफल हुए, क्रांतियां हुईं पर मानव जीवन की शून्यता बनी रही। किंतु यही यीशु आज भी मानव इतिहास का केंद्रीय व्यक्तित्व बना हुआ है। उनकी शिक्षाओं ने असंख्य जीवनों की शून्यता को भरा है। आज संसार जिनका जन्मदिन मनाता है, वह यही यीशु मसीह हैं।

**श्रीमती थियो एन. बर्डे**
सेवानिवृत्त प्राचार्या


























हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## मानस मंडली ने किया सुंदर कांड हनुमान चालीसा का पाठ



**बिलासपुर।** शुभम विहार मानस मंडली ने डीपी सक्सेना के शिवम रेसीडेंसी स्थित निवास पर उनके सुपुत्र के जन्मदिन पर सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। यह उनका 177 वां पाठ रहा। पाठ के बाद ललित अग्रवाल ने बताया कि हिंदू धर्म व हिंदुत्व को



वास्तविक परिपेक्ष्य में समझने की आवश्यकता है। भारत में रहने वाले लोगों में जिनकी आस्था भारत पर, जिनके संस्कार व आचरण भारतीय अर्थात जो भारत के हैं, केवल वे ही वास्तविक भारतीय हैं। शेष तो मात्र भारत में हैं। अंत में अखिलानंद पांडेय, ललित अग्रवाल, विनोद अवस्थी, सुरेंद्र दुबे, प्रमोद अवस्थी, विजय मिश्रा, भूपेंद्र यादव, आरपी मिश्रा, नरेंद्र गोपाल, राजेश शर्मा, श्री स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं व मातृ शक्तियों ने भारत माता के चित्र हाथों में लेकर 25 दिसंबर को शिवमंदिर शुभमविहार के हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने का प्रण लिया।

आयोजन

## वार्षिक उत्सव में 'कृष्णा' थीम पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलवे हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव कृष्णा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अशुमान मिश्रा, विशिष्ट अतिथि रुहिना तुफ़ैल खान थे। अतिथियों के स्वागत पश्चात स्कूल के प्राचार्य महेश बाबु ने स्कूल वार्षिक प्रतिवेदन में विद्यालय के वर्ष भर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट परीक्षाफल प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सत्र के दौरान विद्यालय के 9 विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने पर उन्हें भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कृष्णा लीला का जीवंत प्रस्तुति दी गई, जिसे देख वहां उपस्थित अतिथियों सहित पालकों की तालियों की ध्वनि से पूरा समारोह स्थल गुंजायमान हो गया। इस दौरान बच्चों ने कृष्ण जन्म से लेकर कंश वध तक लीलाओ का मंचन किया, जिसे देख सभी भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी रंजन कुमार रुखैयार, भास्कर गुहा, मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, बी कृष्णकुमार,प्रभात पासवान,मधु राव एवं बच्चों के अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं भारी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम

## संत माता अद्दी अम्मा की मासिक वर्सी मनाई, सुखमणि साहिब का पाठ किया



**बिलासपुर।** सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग साहिब दरबार में संत माता अद्दी अम्मा की मीठी याद में मासिक वर्सी मनाई गई। इस अवसर पर संगतों ने सुखमणि साहिब का पाठ किया। बबल भाई साहेब ने गुरबाणी, कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। विश्व कल्याण के लिए अरदास की गई। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू लालचंदानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, नरेश मेहरचंदनी, भोजराज नरवानी, मेघराज नारा, अशोक, जगदीश जज्ञासी, गंगाराम सुखीजा, सुरेश माधवानी, अशोक मतलानी, विकास बजाज, अनीता नारवानी, पार्षद कंचन सुरेश वाधवानी, सोनिया कॉलानी, पलक हर्जपाल, कंचन रोहरा, पलक मखीजा, ज्योति हिंदूजा, डॉ सोनम, राखी इदनानी, वर्षा सुखीजा, कशिश जेसवानी, बलराम रामानी, रमेश भागवानी, डॉ हुंदलदास सोमनानी, राजू धामेचा, मुरली कुकरेजा, अक्षय, राजेंद्र सिंह, अविनाश हिंदूजा, रोशन सहित अन्य सभी सेवादारों का सहयोग रहा।

# एयू कुलोत्सव : विशेषज्ञों ने किया प्रदेश के भविष्य पर वैचारिक मंथन

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में कुलोत्सव के दूसरे दिन प्रथम सत्र में छत्तीसगढ़ के भविष्य पर वैचारिक मंथन किया गया, वहीं द्वितीय सत्र में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, साथ ही छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छत्तीसगढ़: नवा अंजोर 2047 विषय पर परिचर्चा में विषय विशेषज्ञों ने राज्य के सर्वांगीण विकास का रोडमैप साझा किया।







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एचएस होता ने एआई और आईटी का नया छत्तीसगढ़ पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशासन को सशक्त बनाने के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी।

प्रो. कावेरी दाभड़कर ने मितानिन योजना को वैश्विक मिसाल बताते हुए समावेशी शासन पर जोर दिया और पर्यटन विकास से जीडीपी में वृद्धि की संभावना व्यक्त की। इसी क्रम में डॉ. अंकुर शुक्ला ने छत्तीसगढ़ को पांच प्रमुख पर्यटन जोनों में विभाजित करने तथा नवाचार को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए डिजिटल लर्निंग फ्रेमवर्क का सुझाव दिया।

प्रो. श्यामलाल निराला ने महानदी इन्द्रावती जैसी जल निधियों एवं सौर ऊर्जा के संतुलित उपयोग से ऊर्जा आत्मनिर्भरता पर बल दिया। मुख्य वक्ता पूर्व कुलपति डॉ. रोहिणी प्रसाद ने अंजोर परियोजना के लक्ष्यों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को भविष्य के लिए आवश्यक बताया। सत्र के समापन में कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने इन सुझावों के व्यावहारिक क्रियान्वयन के लिए एक विशेष वर्किंग ग्रुप गठित करने की घोषणा की, जिसमें पारदर्शिता के लिए लोकपाल को भी शामिल किया जाएगा।

### शाम को हुआ कवि सम्मेलन



कुलोत्सव के अंतर्गत शाम को यूनिवर्सिटी में कवि सम्मेलन हुआ। इसकी अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी ने कहा कि कविता हमारी संस्कृति की पर्यायवाची है। उन्होंने अपनी रचनाओं मुझे नहीं मालूम स्वयं से एवं प्रसिद्ध गजल मैं और तुम का भावपूर्ण पाठ किया। कवि मीर अली मीर ने अपनी सुप्रसिद्ध रचना बंटवारा के माध्यम से रमईपाट और गंगा मइया का मार्मिक चित्रण किया और नंदा जाही का के साथ प्रस्तुति दी।









**कार्यक्रम को लेकर छात्र प्रतिनिधियों में नाराजगी**

प्रदेश के हिन्दी साहित्यकार कवि विनोद शुक्ल को आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ज्ञान पीठ पुरस्कार से सुशोभित श्री शुक्ल के अंत्येष्टि के समय ही जब बिलासपुर में कुमार विश्वास के कवि सम्मेलन को स्थगित कर दिया गया था। इसके विपरीत अटल यूनिवर्सिटी में कुलोत्सव दोरान कवि सम्मेलन का आयोजन कर खूब ठहाके लगाए गए कार्यक्रम किए जाने पर सूरज सिंह सहित छात्र प्रतिनिधियों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

# भारत माता सेक्रेट हार्ट चर्च में बांटी क्रिसमस खुशियां





कैंडल जला कर दी एक-दूसरे को बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत माता सेक्रेट हार्ट चर्च रेल्वे में बुधवार 24 दिसंबर की मध्य रात्रि क्रिसमस पर्व मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी मसीहियों ने एक-दूसरे को बधाईयां देकर पर्व की खुशियां बांटी।

भारत माता चर्च शहर का एकमात्र ऐसा चर्च है जहां हर साल 24 दिसंबर को ही रात्रि में क्रिसमस पर्व मना लिया जाता है। इस पर्व को लेकर मसीहियों में भारी उत्साह रहता है। इस बार भी यह पर्व बुधवार की रात्रि में मनाया गया। चर्च परिसर में प्रभु यीशु व माता मरियम की





आकर्षक झांकी सजाई गई थी। जिसमें प्रभु यीशु के जन्म को बखूबी दर्शाया गया। इसका उपस्थित सभी लोगों ने अवलोकन किया। फिर सभी ने कैण्डल जलाया। इस मौके पर मसीही समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

### आज रहेगी क्रिसमस की धूम

डिसाइपल्स चर्च ऑफ ख्राइस्ट सहित नगर के सभी गिरजाघरों में गुरुवार 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व उत्साह से मनाया जाएगा। इस दौरान मसीहियों द्वारा विशेष प्रार्थना कर पर्व की खुशियां बांटी जाएगी। सीएमडी चौक स्थित चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट में सीनियर पास्टर सुदेश पॉल की अध्यक्षता में क्रिसमस पर्व मनाया जाएगा। आराधना का संचालन प्रवीण जैसल करेंगे। उपदेश सीनियर पास्टर सुदेश पॉल द्वारा दिया जाएगा। चर्च के सभी बुजुर्ग सदस्यों का पुष्पहार से सम्मान किया जाएगा। उपस्थित लोगों को केक वितरण किया जाएगा। लोग एक-दूसरे को क्रिसमस की मुबारकबाद देंगे।

## प्रदेश स्तरीय निःशुल्क कार्यशाला में दी जाएगी कथक की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** कला विकास केंद्र बिलासपुर ने अपनी नई शाखा के शुभारंभ अवसर पर अनुभव भवन बृहस्पति बाजार में पांच दिवसीय निःशुल्क कथक नृत्य कार्यशाला 25 दिसंबर से आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला 30 दिसंबर तक प्रतिदिन शाम 4 से 8 बजे तक चलेगा।

कार्यशाला का उद्देश्य कथक नृत्य की परंपरागत तकनीक, भावाभिनय एवं तालबद्धता से विद्यार्थियों को परिचित कराना है। कार्यशाला का संचालन रायगढ़ घराने की वरिष्ठ कथक नृत्यांगना वासंती वैष्णव एवं सुश्री ज्योतिश्री वैष्णव द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठ विद्यार्थियों को सुप्रसिद्ध कथक नर्तक रवि प्रकाश जयपुर घराना नई दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त होगा। कार्यशाला में भाग लेने अपना पंजीयन तत्काल काउंटर में करवा सकते हैं। यह जानकारी संस्था के निदेशक सचिव पं. सुनील वैष्णव ने दी।

**अनुभव भवन में चलेगा 30 दिसंबर तक**

स्पोर्ट्स न्यूज

## मुक्ता पाखी ने लॉन टेनिस में जीता गोल्ड मैडल

**बिलासपुर।** गुजरात में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस लॉन टेनिस प्रतियोगा में शहर के हरदी कला में पदस्थ व्यायाम शिक्षिका मुक्ता मेरसा एवं छत्तीसगढ वन विभाग में पदस्था पाखी भट्ठ की जोड़ी ने छत्तीसगढ़ महिला की टीम के लिये स्वर्ण पदक हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि सिविल सर्विसेज गेम में यह पहली बार महिलाओं का टीम गेम रखा गया था और इस केटेगरी में पहली बार में ही स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रचा। यह छत्तीसगढ़ सर्विसेस गेम के लॉन टेनिस में एक रिकार्ड के रूप में दर्ज हो गया है,मुक्ता एवं पाखी की जोड़ी ने राजस्थान के निकिता एवं सुमन की जोडी को सीधे सेटो में 9-3 के स्कोर से हराया। सिविल सर्विसेस लॉन टेनिस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से पुरुष की टीम भी गई थी जिसमें ऐश्वर्य दत्त मेरसा एवं त्रिनाश राव ने केवल सेकेण्ड राऊंड तक ही पहुचने में सफल रहे।






## शिवांगिनी ने नेशनल तैराकी में सिल्वर मेडल जीता

69 नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन दिल्ली में 12 से 17 दिसंबर तक आयोजित हुई, जिसमें शहर की शिवांगिनी पांडे ने 50 मीटर बटरफ्लाई में सिल्वर मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ और बिलासपुर का नाम रोशन इतिहास रच दी। शिवांगिनी पांडे कॉरपोरेशन तैराकी संघ से प्रतिनिधित्व करती है,जो कि छत्तीसगढ़ तैराकी में अपना दबदबा रखती है। पूर्व में शिवांगिनी पांडे छत्तीसगढ़ तैराकी दल का प्रतिनिधित्व करते हुए नेशनल स्तर पर आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी है। रेलवे हायर सेकेंडरी विद्यालय में अध्ययनरात 10 की छात्रा शिवांगी की इस बड़ी उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल ने शिवांगिनी को अपने रायपुर स्थित निवास में अभिनंदन कर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग डॉ सोमनाथ यादव, संयुक्त सचिव हेमंत सिंह परिहार, तैराकी संघ एवं कोच शंकर पांडेय उपस्थित रहे।

## बास्केटबाल में अनन्या व पलक का चयन



एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की दो बास्केटबॉल महिला खिलाड़ी अनन्या शुक्ला व पलक यादव का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल महिला प्रतियोगिता के लिए किया गया है। क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि प्रतियोगिता स्नातकोत्तर कमला महाविद्यालय राजनांदगाव की मेजबानी में आयोजित की गई। अनन्या शुक्ला बीए एलएलबी पांचवे सेमेस्टर की छात्रा व पलक यादव बीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयन होने पर प्रमोद कुमार जैन, अंकित जैन, उपकार राय, डॉ. अर्चना शुक्ला, अभिनव पाल, शुभी श्रीवास्तव, डॉ. रितेश जैन, डॉ. संदीप गुप्ता, आदिल डल्ला, उमेश पटनायक, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, अभिषेक केशरवानी, अर्जुन सिंह चौहान, शिवशंकर गुप्ता, इंजमाम, मनीष सिन्हा, नीरज सोनी व संजय सेन्द्रे आदि असिस्टेंट प्रोफेसर ने शुभकामना दी हैं।

## बास्केटबाल डीएलएस अगले राउंड में

जिला बास्केटबाल लीग सत्र दो के मैच में मां कामख्या की टीम को हराकर डीएलएस डायनामोज की टीम अगले राउंड में पहुंच गई है। छत्तीसगढ़ स्कूल बास्केटबाल कोट में बिलासपुर बास्केटबाल लीग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। मुख्य अतिथि वी रामाराव, मोती गंगवानी मौजूद थे। पहला मुकाबला डीएलएस डायनामोज एवं मां कामख्या की टीम के बीच खेला गया। इसमें डीएलएस डायनामोज की टीम ने मां कामख्या की टीम को 8 अंकों से हराया। वहीं दूसरा मुकाबले में अवीक फाइटर टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। अवीक फाइटर की टीम ने बिलासपुर वारियर्स की टीम को 24 अंकों से हराया। वहीं तीसरे व अंतिम मुकाबले में राइजिंग चौकसे की टीम ने महेन्द्र ज्वेलर्स की टीम पर दो अंक से जीत हासिल करते हुए अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। इस अवसर पर जिला बास्केटबॉल संघ के सदस्य प्रवीण बिसेन सिंह, धीरेंद्र सिंह, आतिश पारीक, डॉ. गोपाल कृष्ण पाठक, प्रीतम दास, प्रदीप वर्मा, प्रदीप साहू, रूपेंद्र सिंह ठाकुर गोलू, स्वप्निल, नितेश श्रीवास, आदित्य कश्यप एवं प्रियंका सोनवानी सहित खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




जिला सहकारी केंद्रीय बैंक
के नवनियुक्त अध्यक्ष बनने पर
मा. रजनीश सिंह जी
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. रजनीश सिंह जी
अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक
आशीष बाकरे
अध्यक्ष - सेवा सहकारी समिति कौंड़िया
राधेश्याम मिश्रा
अध्यक्ष - सेवा सहकारी समिति देवरी
तामेश्वर कौशिक
सहकारिता प्रकोष्ठ
जिला अध्यक्ष
सूर्यप्रकाश जायसवाल
संस्था प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
शाखा सीपत
जितेन्द्र गौरहा
पर्यवेक्षक
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
शाखा सीपत
रामसनेही साहू
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति नरगोड़ा
अशोक विश्वकर्मा
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति पोड़ी
बुधराम सूर्यवंशी
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति जांजी
श्रीमती तुलसी देवी कौशिक
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति सीपत
लक्ष्मी श्रीवास
संस्था प्रबंधक कौंड़िया
भुनेश्वर मिश्रा
संस्था प्रबंधक देवरी
योगेश्वर राव
संस्था प्रबंधक नरगोड़ा
दिलीप साहू
संस्था प्रबंधक जांजी
मंतोष यादव
संस्था प्रबंधक पोड़ी
अमित वर्मा
संस्था प्रबंधक सीपत
प्रदीप पाण्डेय
हरिभूमि प्रतिनिधि
सीपत क्षेत्र
मो.: 9827967487
विनीत : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा सीपत

## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस पर युवा मोर्चा का गुरुद्वारा में सफाई अभियान



बिलासपुर। युवा मोर्चा कोटा द्वारा वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाना है, जिसके लिए एक दिन पूर्व कोटा मंडल के द्वारा गुरुद्वारे में साफ सफाई की गई। इसमें प्रभारी के रूप में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी उपस्थित रही। विशेष उपस्थिति के रूप में बिलासपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल ने कहा कि 9 जनवरी 2022 को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष, प्रदीप कौशिक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष बजरंग जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, सुलेश पांडे, गायत्री साहू, टीका साहू, अमन अवहरी, देवकिशन साहू, मनीष कौशिक, चंद्रकांत अग्रवाल, संदीप साहू, कमल आहूजा, आशु गुप्ता, धनंजय साहू, कमलजीत आसमानी एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने निकाली हुंकार रैली



बिलासपुर। प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने भोजनावकाश समय पर कार्यालय संचालक समाज कल्याण संचालनालय माना कैंप रायपुर में हुंकार रैली निकालकर अपनी मांगों को सौंपा। इसमें कर्मचारियों, अनियमित, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के अलावा विभागाध्यक्ष स्तर पर परामर्शदात्री समिति की बैठक आहूत किया जाना, नियुक्ति प्राप्त सहायक वर्ग 3 पद के कर्मचारियों हेतु परीवीक्षा अवधि समाप्त करना, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कर आदेश जारी किए जाने, लिपिकीय कर्मचारियों को शिक्षा संगठक के पद पर पदोन्नति एवं नियुक्ति संबंधी विभागीय परीक्षा आयोजित करना, विभागाध्यक्ष कार्यालय एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति किए जाने, सहित अन्य मांगे शामिल थी। इसके लिए मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, मुख्य सचिव, सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष पवन शर्मा, प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा, नरेश वाढेर, अमीना, हिमांचल साहू, संतोष वर्मा, आलोक जाधव, संजय शर्मा, उमेश मुदलियार, नारायण बाघ, रामचंद्र तांडी, संजय झरबड़े, सुमीत अग्रवाल, सुनील जारोलिया, सीएल दुबे, विमलचंद्र कुण्डू, बीपी कुरील, प्रतिभा सिंह, संतोषी यादव सहित बड़ी संख्या समस्त विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

### अभा कसौंधन वैश्य समाज ने किया छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन



बिलासपुर। अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट बिलासपुर इकाई का रविवार को कसौंधन समाज भवन कर्बला रोड में आयोजित परिचय सम्मेलन में 627 युवक-युवतियों ने परिचय दिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि किरण गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रमिला गुप्ता रही। कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि समाज को सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिल रहा है। मुख्य अतिथि किरण गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्रमिला गुप्ता ने युवक यूवतियों की जानकारी देने वाले पुस्तक संयोग का विमोचन किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मान दिया गया। चयनित बहुओं को उनके सास और ससुर परिवार के सामने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सन्तोष गुप्ता, विनोद गुप्ता, धीरेन्द्र गुप्ता, किशोरी शरण गुप्ता, राजेश गुप्ता, पवन गुप्ता, निशा गुप्ता, दीपा गुप्ता, लेखनी गुप्ता, चंद्रकांत गुप्ता, विजय गुप्ता, रशेष गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, शिशिर गुप्ता राजेश गुप्ता, गणेश गुप्ता, मोहन गुप्ता, शिव शंकर अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

### भूतपूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ की प्रथम वर्षगांठ बैठक



बिलासपुर। भूतपूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ की रायपुर के ग्रांड बफ़ेट होटल में संघ की प्रथम वर्षगांठ बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष टेकराम साहू ने की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पवन तुलावी, सचिव कमलेश चौबे, उपकोषाध्यक्ष दिलीप खरे, सहसचिव रामगोपाल वट्टि, मीडिया प्रभारी गणेश्वर पटेल, संस्थापक कल्याण वर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार सोरी, संतोष वर्मा, घनश्याम वर्मा, गजेंद्र वर्मा, नेमीचंद्र भारती एवं अन्य वरिष्ठ एवं अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंच संचालन श्री संतोष वर्मा ने किया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान और नए सदस्य योगेश्वर प्रसाद को सरपंच, ग्राम पंचायत खुर्सेनी चुने जाने की खुशी में संघ की ओर से मोमेंटो देकर उनका अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष टेकराम साहू एवं उपाध्यक्ष कुमार साहू ने संघ के उद्देश्यों, एकता और भूतपूर्व अर्धसैनिकों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। वहीं कोषाध्यक्ष पवन तुलावी ने संघ की वित्तीय स्थिति का विवरण प्रस्तुत करते हुए संगठन की पारदर्शिता को स्पष्ट किया। इस दौरान अमर सिंह वासनिक, पवन कुमार साहू, पीआर यादव, डोमार सिंह साहू, जितेंद्र कुमार साहू, नेकराम पटेल, गोपाल सिंह पटेल, सालिक राम साहू, एसआर नायडू, जुड़ावन सिंह राजपूत, श्याम सिंह, उदय राम देवांगन, एलएन चंद्राकर, नामदास आदि उपस्थित रहे।

सिम्स का प्रसूति विभाग होगा अपडेट

# मिलेगी लेबर ओटी, कार्डियोटोकोग्राफी व सोनोग्राफी मशीन की सुविधा

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में महिला एवं प्रसूति रोग विभाग का व्यापक उन्नयन किया जाएगा। केन्द्र सरकार द्वारा लेबर रूम क्वालिटी इम्प्रूवमेंट इनेस्टेटिव योजना के तहत आधुनिक लेबर ऑपरेशन थिएटर, सोनोग्राफी मशीन तथा कार्डियोटोकोग्राफी लगाई जाएगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लागू 'लक्ष्य' योजना का उद्देश्य प्रसव एवं प्रसवोत्तर अवधि के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार कर मातृ मृत्यु, नवजात मृत्यु, जटिलताओं एवं मृत शिशु जन्म की घटनाओं में कमी लाना है। योजना विशेष रूप से रक्तस्राव, प्री-एक्लेम्पसिया/एक्लेम्पसिया, अवरुद्ध प्रसव, संक्रमण तथा नवजात श्वास कष्ट जैसे प्रमुख स्वास्थ्य जोखिमों की रोकथाम पर केंद्रित है। 'लक्ष्य' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसव कक्ष एवं लेबर ओटी का 90 बिंदुओं पर गहन परीक्षण किया जाता है। स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, उपकरणों की उपलब्धता, प्रशिक्षित स्टाफ, दवाइयाँ, नवजात पुनर्जीवन सुविधा, आपातकालीन प्रबंधन और सम्मानजनक मातृत्व देखभाल जैसे मानकों का मूल्यांकन शामिल होता है।

### सीटीजी मशीन से होगी निगरानी

कार्डियोटोकोग्राफी मशीन की सहायता से नवजात शिशु की हृदय गति एवं माता के गर्भाशय संकुचन की निरंतर निगरानी संभव होगी, जिससे प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को समय रहते पहचान कर उचित उपचार किया जा सकेगा।

### मातृ-शिशु मृत्यु दर घटाने के लिए पहल

लक्ष्य कार्यक्रम के तहत सिम्स के महिला प्रसूति विभाग का उन्नयन मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई देगा। आधुनिक उपकरणों और मानक संचालन प्रक्रियाओं के माध्यम से हम सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक प्रसव सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

-डॉ. रमणेश मूर्ति, अधिष्ठाता, सिम्स

### उन्नत सुधार संभव है

लेबर ओटी और प्रसव कक्षों में मानक एसओपी का पालन, प्रशिक्षित मानव संसाधन और 24×7 आपातकालीन सुविधाएं मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

-डॉ लखन सिंह अधीक्षक, सिम्स

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद मिली स्वीकृति

# तखतपुर में महतारियों के लिए बनेगा 50 बेड का मातृ एवं शिशु अस्पताल

बिलासपुर। बिल्हा के बाद अब तखतपुर में मातृ एवं शिशु अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। 50 बेड की सुविधा के साथ ही यहां आपरेशन, एक्सरे और अन्य जांच और टेस्ट मुहय्या कराया जा सकेगा। इसके लिए अब स्वास्थ्य विभाग को अब जमीन की तलाश है। राजस्व अधिकारियों से संपर्क कर तखतपुर में नए अस्पताल निर्माण की कवायद तेज कर दी गई है।

महतारियों को प्रसव के लिए कई बार बिलासपुर आने की मजबूरी उठानी पड़ती है। तखतपुर में प्रसव के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण लोगों की मांग थी कि बिल्हा और बिलासपुर की तरह तखतपुर में भी मातृ एवं शिशु अस्पताल बनाई जाए, हाल ही में सीएम विष्णु देव सांय ने अस्पताल की घोषणा की थी,जिसकी वित्त विभाग ने स्वीकृति दे दी है। करीब 50 बेड की सुविधा के साथ ही आपरेशन थिएटर, वार्ड, प्रशासनिक कार्यालय, सहित अन्य जांच और टेस्ट के लिए कमरों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। राजस्व विभाग द्वारा अस्पताल के लिए जमीन तलाशी गई है।

महीने भर में जमीन स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जाएगी, जिसके बाद अस्पताल का निर्माण शुरू होगा।

### नया अस्पताल बनकर तैयार

बताया जा रहा है कि बिलासपुर-तखतपुर मार्ग पर नया अस्पताल बनकर तैयार है। एप्रोच रोड और फिनिशिंग कार्य लंबित है। यह अस्पताल बनाने के बाद पुराने अस्पताल के स्टाफ और डाक्टर को शिफ्ट किया जाएगा। अस्पताल बनने के बाद लोगों को एक्सरे, ईसीजी, सोनोग्राफी और टेस्ट एक ही छत के नीचे मिल सकेगी।

### चर्चा की गई है

कुछ दिनों पहले राजस्व अधिकारियों से जमीन के लिए चर्चा की गई है, लेकिन पूरी तरह से फाइनल नहीं हो सका है। जमीन मिलने में एक दो माह का समय लग सका है।

-डॉ उमेश साहू, बीएमओ, तखतपुर

### दूर होगी समस्या

30 बेड का नया अस्पताल बन कर तैयार हो चुका है, इससे बहुत हद तक हमारी दिक्कतें कम हो जाएगी। इसके साथ ही 50 बेड का मातृ एवं शिशु अस्पताल भी बनेगा। जमीन के लिए राजस्व अधिकारियों से बात की गई है।

-डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ, बिलासपुर

हावड़ा, मुंबई, दिल्ली के अलावा अन्य स्टेशनों की ओर जाने वाली ट्रेनों में लागू होगा कल से

# एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के किराए में 5 से 25 रुपए तक की गई बढ़ोत्तरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर से हावड़ा, मुम्बई और दिल्ली की ओर जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के स्लीपर से लेकर एसी में सफर करने वाले बुकिंग कराते समय यात्रियों को अब 5 रुपए से 25 रुपए तक अतिरिक्त राशि देनी पड़ेगी। यह बढ़ी हुई राशि 26 दिसम्बर से सभी रेलवे के साथ बिलासपुर स्टेशन के आरक्षण कार्यालय और ऑनलाइन बुकिंग दोनों में लागू हो जाएगी। इसके कारण अब यात्रियों की जेब पर भी असर पड़ेगा।

रेलवे ने कहा है कि इस बदलाव से उसे 600 करोड़ रुपये का रेवेन्यू फायदा होगा। नए टिकट प्राइसिंग स्ट्रक्चर के तहत, पैसेंजर्स को ऑर्डिनरी क्लास में 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा पर प्रति किलोमीटर 1 पैसा ज्यादा देना होगा। वहीं मेल/एक्सप्रेस नॉन-एसी और एसी क्लास के लिए प्रति किलोमीटर 2 पैसे ज्यादा देने होंगे। 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वाले पैसेंजर्स के लिए टिकट की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस बीच 500 किलोमीटर की नॉन एसी यात्रा करने वाले पैसेंजर्स को अपनी यात्रा के लिए 10 से 25 रुपए ज्यादा देने होंगे। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि उपनगरीय सेवाओं और मासिक सीजन टिकट एमएसटी के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसके अलावा, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर तक की यात्रा करने वाले यात्रियों को कोई अतिरिक्त राशि नहीं देनी होगी। वहीं बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से हावड़ा, मुम्बई और नई दिल्ली की ओर जाने वाली एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में 719 किलोमीटर से लेकर 1502 किलोमीटर तक स्लीपर एवं एसी कोच में बुकिंग किराए में 9 रुपए से 30 रुपए तक की बढ़ोत्तरी कर दी गई है, जो 26 दिसम्बर शुक्रवार से लागू हो जाएगी।

### बिलासपुर से मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेनें

- बिलासपुर-सीएसएमटी तक 1250 किलोमीटर का फर्स्ट एसी में वर्तमान किराया 3394 रुपए नया किराया 3419 रुपए यानि 25 रुपए अतिरिक्त। सेकेंड एसी में वर्तमान किराया 2000 रुपए नया किराया 2025 रुपए यानि 25 रुपए अतिरिक्त, थर्ड एसी का 1388 रुपए बढ़कर 1413 रुपए यानि 25 रुपए बढ़ोत्तरी, स्लीपर में 541 रुपए से बढ़कर 566 रुपए यानि 25 रुपए बढ़ोत्तरी के अलावा सेकेंड/ओआरडी किराया 345 से बढ़कर 355 रुपए यानि 10 रुपए की बढ़ोत्तरी।
- बिलासपुर-हावड़ा तक 719 किलोमीटर का फर्स्ट एसी में वर्तमान किराया 2349 रुपए नया किराया 2363 रुपए यानि 14 रुपए अतिरिक्त। सेकेंड एसी में वर्तमान किराया 1393 रुपए नया किराया 1407 रुपए यानि 14 रुपए अतिरिक्त, थर्ड एसी का 974 रुपए बढ़कर 988 रुपए यानि 14 रुपए बढ़ोत्तरी, स्लीपर में 374 रुपए से बढ़कर 388 रुपए यानि 14 रुपए बढ़ोत्तरी के अलावा सेकेंड/ओआरडी किराया 240 से बढ़कर 245 रुपए यानि 5 रुपए की बढ़ोत्तरी।
- उसलापुर से निजामुद्दीन की ओर व्हाया कटनी 1124 किलोमीटर का फर्स्ट एसी में वर्तमान किराया 3177 रुपए नया किराया 3199 रुपए यानि 22 रुपए अतिरिक्त। सेकेंड एसी में वर्तमान किराया 1872 रुपए नया किराया 1894 रुपए यानि 22 रुपए अतिरिक्त, थर्ड एसी का 1302 रुपए बढ़कर 1324 रुपए यानि 22 रुपए बढ़ोत्तरी, स्लीपर में 507 रुपए से बढ़कर 529 रुपए यानि 22 रुपए बढ़ोत्तरी के अलावा सेकेंड/ओआरडी किराया 325 से बढ़कर 334 रुपए यानि 9 रुपए की बढ़ोत्तरी।
- बिलासपुर-निजामुद्दीन व्हाया नागपुर तक 1502 किलोमीटर का फर्स्ट एसी में वर्तमान किराया 4742 रुपए नया किराया 4772 रुपए यानि 30 रुपए अतिरिक्त। सेकेंड एसी में वर्तमान किराया 2280 रुपए नया किराया 2310 रुपए यानि 30 रुपए अतिरिक्त, थर्ड एसी का 1579 रुपए बढ़कर 1609 रुपए यानि 30 रुपए बढ़ोत्तरी, स्लीपर में 619 रुपए से बढ़कर 649 रुपए यानि 30 रुपए बढ़ोत्तरी के अलावा सेकेंड/ओआरडी किराया 395 से बढ़कर 408 रुपए यानि 13 रुपए की बढ़ोत्तरी।

# ट्रेनों के समय में 10 से 25 मिनट का बदलाव नववर्ष से

बिलासपुर। रेलवे ने बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन और अन्य स्टेशनों से चलने वाली और संबंधित स्टेशनों में स्टापेज के समय में 10 से 25 मिनट का बदलाव किया है। यह बदलाव सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों में 1 जनवरी से लागू कर दिया जाएगा।

प्रतिवर्ष की भांति विभिन्न सेक्शनों में आधारभूत संरचना को और अधिक विकसित करते हुए इस वर्ष भी भारतीय रेलवे की समय सारणी में 1 जनवरी से आंशिक परिवर्तन किया गया हैं। आवश्यक कार्यो को निरंतर करते रहने से विभिन्न सेक्शनों में मेल एक्सप्रेस गाड़ियो में 10 मिनट से लेकर 25 मिनट तक एवं पैसेंजर गाड़ियों में 5 मिनट से लेकर 20 मिनट तक के परिचालन समय में प्रस्थान स्टेशन से आगमन में बचत होगी। इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी 1 जनवरी से लागू होने वाली नई रेलवे समय-सारणी में इस रेलवे से चलने वाली एवं होकर गुजरने अप दिशा एवं डाउन दिशा की 55 गाडियों का परिचालन समय बदलाव किया गया है। अन्य स्टेशनों में समय सारणी यथावत रहेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अप दिशा एवं डाउन दिशा की ट्रेनों में 55 एक्सप्रेस एवं 8 पैसेंजर गाड़ियों की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन किया गया एवं अन्य रेलवे स्टेशनों में समय सारणी यथावत रहेगी। इसमें मुख्य रूप से 11701 रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस गोंदिया स्टेशन में 17.45 से 18.05 बजे तक, बालाघाट में 18.38 से 18.40 बजे तक, नैनपुर में 19.55 से 20.00 बजे तक रूकेगी, 11754 रींवा-इतवारी एक्सप्रेस गोंदिया स्टेशन में 4.40 बजे से 4.50 बजे तक रोकी जाएगी, 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस गोंदिया स्टेशन में 11.30 से 11.35 बजे तक, डोंगरगढ़ स्टेशन में 12.28 से 12.30 बजे तक राजनांदगांव स्टेशन में 12.58 से 13.00 बजे तक रूकेगी, 12145 लोकमान्य तिलक-पुरी एक्सप्रेस रायपुर स्टेशन में 14.50 से 15.00 बजे तक, 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस गोंदिया स्टेशन में 20.55 से 21.05 बजे तक, डोंगरगढ़ स्टेशन में 21.58 से 22.00 बजे तक, 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस राजनांदगांव स्टेशन में 13.05 से 13.07 बजे तक, डोंगरगढ़ स्टेशन में 13.30 बजे तक रोकी जाएगी। इसके अलावा 13289 गया-चेन्नई एक्सप्रेस, 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ एक्सप्रेस, 12441 बिलासपुर-न्यू दिल्ली एक्सप्रेस, 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस, 12808 निजामुद्दीन-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस, 12807 विशाखापट्टनम-निजामुद्दीन एक्सप्रेस, 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस, 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस, 12854 भोपाल-दुर्ग एक्सप्रेस, 12856 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस, 12855 बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस, 15160 दुर्ग-छपरा एक्सप्रेस, 15232 गोंदिया-बिरौनी एक्सप्रेस, 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस, 16368 बनारस-कन्याकुमारी एक्सप्रेस, 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस, 18238 अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, 18240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस, 20844 भगत की कोठी एक्सप्रेस, 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस, 20918 पुरी-इंदौर एक्सप्रेस का स्टापेज समय गोंदिया सहित अन्य ट्रेनें शामिल हैं।

■ 1 जनवरी से लागू होगी नई समय सारिणी

## कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक दावा आपत्ति 22 जनवरी तक

बिलासपुर। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के एसआईआर कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। इसके तत्काल बाद सूची पर दावा एवं आपत्तियां लेने का काम शुरू हो गया है, जो कि 22 जनवरी तक लिया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने अपने कक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक लेकर इसकी प्रक्रिया से उन्हें अवगत कराया। कलेक्टर ने बताया कि दावा एवं आपत्तियां स्वीकार करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कुछ केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। दावा, आपत्तियों की नोटिस, सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य साथ-साथ चलेगा। सुनवाई की अंतिम तिथि 14 फरवरी तय की गई है। वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को होगा। बैठक में राजनीतिक दलों को विगत मतदाता सूची एवं वर्तमान मतदाता सूची में हुए अंतर की तुलनात्मक जानकारी दी गई। उन्हें निर्वाचक नामावलियों की दो प्रतियां भी उपलब्ध कराई गई। दावा आपत्तियों की सुनवाई के लिए नियत स्थल की सूची भी उन्हें दी गई। ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने और नाम नहीं मिलता है तो क्या करें इसकी भी जानकारी से उन्हें अवगत कराया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, मार्कसवादी कम्यूनिस्ट पार्टी एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## आईसीएआई का दृष्टि विषय पर द्विदिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ

बिलासपुर। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अर्थशास्त्र की बदलती भूमिका पर केंद्रित द्विदिवसीय संगोष्ठी दृष्टि का शुभारंभ बुधवार को आईसीएआई इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बिलासपुर शाखा द्वारा किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे संरचनात्मक परिवर्तनों, वित्तीय सुधारों तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की बढ़ती जिम्मेदारियों पर गहन विमर्श करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद एव केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष उपाध्यक्ष आईसीएआई निर्देशक वित्त एसईसीएल एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। आईसीएआई के अध्यक्ष मनीष सखूजा ने संगोष्ठी की आवश्यकता और उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के पहले सत्र में वक्ताओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति, वैश्विक आर्थिक चुनौतियाँ, कर सुधार, डिजिटल इकोनॉमी, स्टार्टअप संस्कृति तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका पर विस्तार से विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में सीए केवल लेखा विशेषज्ञ नहीं, बल्कि नीति निर्माण, आर्थिक सलाह और राष्ट्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। दूसरे सत्र में जीएसटी, प्रत्यक्ष कर, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, वित्तीय अनुशासन एवं पेशेवर नैतिकता जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने युवाओं से निरंतर सीखने, तकनीक को अपनाने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप स्वयं को अपडेट रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आईसीएआई के पदाधिकारी, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, युवा सदस्य, आर्टिकल स्टूडेंट्स एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। संगोष्ठी के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से अपने जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। आईसीएआई बिलासपुर शाखा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह संगोष्ठी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगी तथा व्यावसायिक दक्षता को नई दिशा देगी।

## बिल्हा विस के कार्यकर्ताओं ने की विधायकों से मुलाकात




पॉलिटिक्स प्लस

बिलासपुर। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मे बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर बिल्हा विधानसभा कार्यकर्ताओ ने विधायको के निवास पहुंच पुष्प गुच्छ से सम्मान कर शिष्टाचार मुलाकात की।

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, तख़तपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी से नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मुलाक़ात किया। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारी सैय्यद सैफुद्दीन, जिला अध्यक्ष हनीफ खान, शोधनीति प्रभारी नवाब खान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शाहिद रजा शामिल थे।

# सालभर में मनरेगा अंतर्गत 1 लाख 40 हजार से अधिक ग्रामीणों ने किया काम

बिलासपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत बिलासपुर जिले में सालभर में 85 हजार 245 परिवारों के 1 लाख 40 हजार 317 ग्रामीणों को रोजगार दिया गया है। इन ग्रामीण मजदूरों को अब तक 81.32 करोड़ रुपए मजदूरी भुगतान भुगतान किया जा चुका है।

मनरेगा को लेकर इन दिनों काफी चर्चा बनी हुई है, क्योंकि केन्द्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की जगह पर नई योजना लाने जा रही है। मनरेगा में ग्रामीण क्षेत्रों में जॉब कार्डधारी परिवारों के मजदूरों को 100 दिनों का रोजगार प्रदान किया जाता है। बिलासपुर जिला इन दिनों तहत ग्रामीण मजदूरों को रोजगार दिलाने में पूरे छत्तीसगढ़ में आगे चल रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में 37.04 लाख मानव दिवस का लक्ष्य दिया गया है, जिसके विरूद्ध 33.47 लाख मानव दिवस का सृजन किया जा चुका है। जिले में मनरेगा तहत 85 हजार 245 परिवारों के 1 लाख 40 हजार 317 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार दिया जा चुका है। मनरेगा से इन मजदूरों को लगभग 81.32 करोड़ रुपए का मजदूरी भुगतान किया गया है।

■ 81.32 करोड़ रुपए का किया गया मजदूरी भुगतान 0 33.47 लाख मानव दिवस का सृजन

### गांवों में कराए गए यह काम

मनरेगा एक मांग आधारित योजना है जिससे ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही रोजगार के माध्यम से कार्य कराया जाता है। इससे न केवल ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होता है, बल्कि रोजगार सृजन के साथ सार्वजनिक एवं निजी परिसंपत्तियों का सृजन किया जाता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले द्वारा जल संग्रहण एवं जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए रिचार्ज पिट, चैकडेम, सैंडफिल्टर, डबरी निर्माण कार्य, नवीन तालाब निर्माण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य, कच्ची नाली निर्माण कार्य, कूप निर्माण कार्य कराए गए है। इसके अतिरिक्त मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण कार्य, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, उचित मूल्य दुकान निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य आदि निर्माण कराए गए हैं।

### आगे चल रहा है जिला

मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में काम चल रहे हैं और जॉब कार्डधारी परिवारों के मजदूर कार्य कर रहे हैं। मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को भुगतान की स्थिति भी ठीक और मनरेगा में मानव दिवस सृजन करने में हमारा जिला प्रदेश में आगे चल रहा है।

-संदीप अग्रवाल,सीईओ, जिला पंचायत



**खबर संक्षेप**

## केशरवानी महिला समिति ने किया कंबल वितरण



**मुंगेली।** कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से केशरवानी महिला समिति मुंगेली की ओर से स्थानीय सांई मंदिर परिसर में सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति की महिलाओं ने ठिठुरन भरी सर्दी से जूझ रहे निर्धन महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों को बड़ी संख्या में 100 कंबलों का निशुल्क वितरण किया। इस दौरान सांई मंदिर परिसर में सुबह से ही जरूरतमंद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। समिति की सदस्यों ने व्यवस्थित रूप से पंक्तिबद्ध कर पात्र लाभार्थियों को कंबल प्रदान किए, ताकि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंच सके। कंबल पाकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आया।

## महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति की सदस्य बनीं रत्नावली

**मुंगेली।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी ने रत्नावली कौशल को महिला मोर्चा प्रदेश



कार्य समिति की सदस्य नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर की गई। इस मौके पर रत्नावली कौशल ने कहा कि, वे महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदेश की अंतिम महिला तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने को अपनी प्राथमिकता बताया।

## अतुल फिर बने एबीवीपी के जिला संयोजक

मुंगेली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 58वां प्रांत अधिवेशन इस्पात नगरी भिलाई में



सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के छात्र शक्ति का नेतृत्व करने वाले छात्र संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। इस अधिवेशन में आगामी कार्ययोजना एवं दायित्वों की घोषणा की गई। अधिवेशन के दौरान संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता अतुल साहू को निरंतर संगठनात्मक कार्य, छात्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने एवं उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए लगातार 5वीं बार जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। अतुल पूर्व में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नगर मंत्री, सहमंत्री, जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वाहन करते हुए पिछले सात वर्षों से परिषद से जुड़े हुए है। उनका अनुभव एवं समर्पण संगठन को नई दिशा देगा और छात्रहित को कार्य को और अधिक सशक्त बनाएगा।

## आज सीएम साय करेंगे अटल परिसर का वर्चुअली लोकार्पण

**गौरेला।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर नगरपालिका गौरेला के वार्ड क्रमांक 10 में नवनिर्मित अटल परिसर का 25 दिसम्बर गुरूवार दोपहर 12.30 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि, वर्चुअली संपन्न होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय एवं अति विशिष्ट अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री राजेश अग्रवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक मरवाही प्रणव मरपची एवं विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव और विशेष अतिथि के रूप में अध्यक्ष नपा गौरेला मुकेश दुबे एवं उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी पार्षदों को भी आमंत्रित किया गया है। नपा उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने बताया कि, छत्तीसगढ़ शासन ने प्रत्येक नगरी निकाय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में अटल परिसर का निर्माण कराया है।इसी क्रम में गौरेला में भी अटल परिसर की निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण किया जाएगा।

### स्ट्राइकर्स तखतपुर बनी टीचर्स प्रीमियर लीग की विजेता, मस्तूरी उपविजेता

# शिक्षक स्वस्थ होंगे तो विद्यार्थियों को मिलेगा इसका लाभः तोखन




हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

टीचर्स प्रीमियर लीग 2025 का प्रथम पुरस्कार स्ट्राइकर्स तखतपुर ने जीता, वहीं दूसरे स्थान पर मस्तूरी मास्टर्स की टीम रही। विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में 33 हजार 3 सौ 33 रूपए नकद एवं ट्राफी मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने प्रदान की। इस मौके पर तोखन साहू ने कहा कि, बच्चों के भविष्य गढ़ने वाले शिक्षक यदि स्वस्थ्य रहेंगे तो विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

वे वह पूरी तन्मयता के साथ बच्चों को अध्यापन करा सकेंगे, और इसके लिए सबसे अच्छा साधन खेल है। उन्होंने कहा कि, क्रिकेट आज सभी के बीच में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है, शिक्षकों ने जो प्रीमियर लीग का आयोजन किया है वह स्वागत योग्य व अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायी है। जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकार ने कहा कि, शिक्षक अपने शिक्षकीय दायित्व में डूबे रहते हैं, ऐसे में उन्हें भी कुछ समय अपने लिए चाहिए, जिसमें वे स्वतंत्रतापूर्वक अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर सकें। इसके लिए यह क्रिकेट प्रतियोगिता बहुत अच्छी माध्यम बनी। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, शिक्षक प्रीमियर लीग में शिक्षकों की अलग-अलग जगहों से टीमों ने हिस्सा लिया, और सभी ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया। टीचर्स प्रीमियर लीग का आयोजन 19 से 24 दिसंबर तक बालक हाई स्कूल तखतपुर में किया गया, जिसमें जिले के सभी विकासखंडों से कुल 10 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच स्ट्राइकर्स तखतपुर और मस्तूरी मास्टर्स के मध्य खेला गया जिसमे तखतपुर की टीम ने बाजी मारी एवं मस्तूरी की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को 33 हजार 3 सौ 33 रूपए व ट्रॉफी, उपविजेता को 22 हजार 2 सौ 22 रूपए व ट्रॉफी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11 हजार 1 सौ 11 रूपए और ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज, दोनों ही पुरस्कार अनीश कौशिक ने प्राप्त किया। स्वागत उद्बोधन व्याख्याता राकेश डहरे एवं आभार प्रदर्शन विजय जाटवर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जीपी उपाध्याय, उमर कुरैशी ने किया। इस अवसर पर दिनेश राजपूत, टेकचंद कारड़ा, मनोज विरवानी, वल्लभ रजक, मनोज पवार, विजय जाटवर, जयप्रकाश मानिकपुरी, अमलेश पाली, अनीश कौशिक, शेखर लोनिया, भूपेंद्र कौशिक, कोमल वर्मन, शशांक सिंगरौल, नवीन यादव, प्रतीत कश्यप, राजीव कश्यप, इंद्रभान कंवर, मुरारी नेताम, हीरा राम कोल, ओंकार श्याम, एमआर यादव, जीपी उपाध्याय, शैलेन्द्र उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित रहे।



## गड़रिए ने घर-घर पहुंचाया यीशु जन्मोत्सव का संदेश

**तखतपुर।** दिसंबर माह लगते ही ईसाई परिवार में खुशियों की लहर दौड़ जाती है, मानो सभी के घरों में यीशु ने जन्म ले लिया हो। सभी मसीही परिवारों में ख्राइष्ट जन्मोत्सव को भारी उत्साह देखा गया। इन्हीं खुशियों के क्रम में गड़रिए ने घर-घर में यीशु जन्मोत्सव का संदेश दिया।

रेव्ह नवीन मसीह के मार्गदर्शन तथा संडे स्कूल सुप्रिटेंडेंट श्रुति प्रसाद, सिंधिया रानी, ममता लाल, विनीता मिरे की अगवाई में संडे स्कूल के बच्चों एवं कलीसिया के लोगों ने संयुक्त रूप से ढोल-ताशे के साथ यीशु जन्म के गीतों पर झूमते रहे। इस दौरान बरेला, बंगलापारा, ब्लॉक रोड, मिशन कंपाउंड, शरण नगर के मसीही परिवारों के घरों में गड़रिए का संदेश दिया गया। पादरी नवीन मसीह ने जन्मोत्सव संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर अलका नवीन मसीह, अभिलाषा मसीह, प्रियासी मसीह, शिव्या रानी, अवि, आराधना जैन, अनुग्रह जैन, ग्रेसियाना मसीह, अनिता, आसी एंड्रूस, एलिना, एल्विना मसीह, आराधना मसीह, एंजल मसीह, जीत, जतिन प्रसाद, सार्थक दास, विनी, मोरिस, दिया, टिकेश्वर, शालिनी, आसना, सनाया प्रसाद, ईसा राज, आयुष सिंग, रितिका प्रकाश, प्रयांश बेनेट, बंटी एंड्रूस, रोमी, अंकित मसीह, सालोंम सिंग आदि मौजूद रहे। मसीही समाज के लोग 25 दिसम्बर को क्रिसमस का पर्व उत्साह के साथ मनाएंगे। इस क्रम में सुबह 10 बजे स्थानीय गिरजाघर में विशेष प्रार्थना की जाएगी जिसमें मसीही उपस्थित होंगे।

## स्व बाजपेयी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन आज

**तखतपुर।** तखतपुर में 25 दिसम्बर को अटल परिसर तहसील चौक में दोपहर 12 बजे पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया जाएगा। साथ ही सुशासन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। यह जानकारी सीएमओ अमरेश सिंह ने दी।

## निधन

### भगवती मिश्रा



**बिलासपुर।** सरकंडा जबड़ापारा निवासी भगवती मिश्रा का 77 वर्ष की आयु में 24 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 दिसंबर की सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। वे नंदू मिश्रा, बेनी मिश्रा एवं रोहनी दुबे की मां थीं।

### उषा गुप्ता



**बिलासपुर।** किलावार्ड निवासी स्व. राधेश्याम गुप्ता की पुत्री श्रीमती उषा गुप्ता का 70 वर्ष की आयु में 24 दिसंबर को स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार सुबह 9.30 में दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में जाएगा। वे विजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, संजय गुप्ता की बहन थीं।

### शिव दुलारी शुक्ला



**लोरमी।** ग्राम गांधीडीह वार्ड नंबर 9 के प्रतिष्ठित नागरिक रामप्रकाश शुक्ला की पत्नी शिव दुलारी शुक्ला 75 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंकिता शुक्ला की सास एवं रवि शुक्ला की माता थीं।

### सुभाष चंद जैन



**मुंगेली।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, व्यवसायी और दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य सुभाष वार्ड निवासी सुभाष चंद्र जैन का 24 दिसम्बर को निधन हो गया। वे सुधीर जैन, सोमेश जैन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया।

### ठाकुर प्रेम सिंह बघेल



**मुंगेली।** ग्राम बांकी निवासी मालगुजार ठाकुर प्रेम सिंह बघेल का 90 वर्ष की आयु में 24 दिसंबर को निधन हो गया। वे वरिष्ठ पत्रकार मनोज सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, पत्रकार इंद्राज सिंह, रणजीत सिंह, बलराज सिंह एवं रामपाल सिंह के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 25 दिसंबर को उनके गृहग्राम बांकी में सुबह 10 बजे किया जाएगा।

## जिले में दिखा बंद का असर बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में धर्मांतरण विवाद, जनजातीय समाज पर हमले और प्रशासनिक भेदभाव के विरोध में बुधवार को प्रदेशव्यापी बंद को मुंगेली में पूर्ण समर्थन किया, और नगर बंद रहा। हिन्दू संगठन और सह समाज ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए बंद का पूरी तरह से समर्थन किया। बंद के दौरान भीड़-भाड़ रहने वाली गोल बाजार की सड़क पर बच्चे खेलते नजर आए। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सर्व हिंदू समाज के आह्वान पर सुबह से ही शहर के मुख्य बाजार बंद रहे। चेंबर ऑफ कॉमर्स के समर्थन के बाद व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानों के शटर गिराए रखे। शहर के गोल बाजार, पड़ाव चौक व लोरमी, पथरिया के मुख्य बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी दुकानें बंद रहीं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि, आमाबेड़ा घटना के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, और राज्य में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून बनाया जाए।

## जिला स्तरीय बालक टेबल टेनिस प्रतियोगिता 28 को

**लोरमी।** मुंगेली जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से जिला स्तरीय आयु 13 वर्ष, 15 वर्ष एवं 17 वर्ष बालक रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन रविवार 28 दिसम्बर को विखं खेल केन्द्र लोरमी में सुबह 9.30 बजे से किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत 13 वर्ष, 15 वर्ष एवं 17 वर्ष से कम जूनियर बालक उम्र के सभी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को अपने साथ आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शाम 4.30 बजे आयोजित होगा। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो को संस्था के सौजन्य से एडवांस ट्रेनिंग देकर राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा।

## शोभायात्रा के साथ श्रीरामचरित मानस समागम का शुभारंभ



**सकरी।** ग्राम हांफा में सनातन संस्कृति, भक्ति और अध्यात्म की अनुपम छंटा के बीच बुधवार को श्रीरामचरित मानस समागम का शुभारंभ हुआ जो 28 दिसंबर रविवार तक चलेगा। समागम के पहले दिन विशाल एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे ग्राम को राममय कर दिया।

शोभायात्रा में पारंपरिक पोशाकों में रामभक्तों एवं मातृ शक्तियों के वाद्य यंत्रों ढोल, मृदंग, शंखनाद, घंटा-घड़ियाल के साथ जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। शोभायात्रा मां मावली माता परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण पश्चात ग्राम देवता बघर्रापाठ की पूजा-अर्चना कर पंडित दुखूराम दुबे व्यास मंच पहुंची, जहां श्रीरामचरित मानस की पूजन-अर्चन के बाद रामकथा का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर आचार्य ने कहा कि, श्रीरामचरितमानस मानव जीवन को मर्यादा, सत्य, करुणा, सेवा और त्याग के मार्ग पर ले जाने वाला जीवन दर्शन है। रामकथा के श्रवण से मन निर्मल होता है, और समाज में सद्भाव, प्रेम एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना होती है। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीराम यादव, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, संयोजक महेंद्र दुबे, महासचिव संजय तिवारी, शत्रुहन उपाध्यय, बलिराम यादव, गंभीर यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नितेश मिश्रा, विष्णुकांत यादव, संतोष पांडेय, सरपंच शांता दिलीप जांगड़े, उपसरपंच आशिष मिश्रा, कृष्णा कैवर्त, मनहरण कैवर्त, गिरिवर यादव, भागवत श्रीवास, पीत्रेश श्रीवास, संजय कौशिक, रजनीकांत यादव, धनंजय कौशिक, गोपाल यादव, राजू भट्ट, राजू यादव, ब्रह्मानन्द,गोपी, मोहन, पवन यादव, पूनउ यादव , लालू केवर्त, राजेश ध्रुव, मातृ शक्तियो में श्रीमती चित्ररेखा, कविता दुबे, रजनी तिवारी, सरिता तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## धान खरीदी केंद्रों में कांग्रेस की निगरानी समितियां गठित

**सीपत।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सीपत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किसानों के हितों की रक्षा और धान खरीदी व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ब्लॉक अंतर्गत सभी धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समितियों का गठन कर दिया है। इस महत्वपूर्ण पहल के

■ धान खरीदी में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की गई पहल

तहत सेवा सहकारी समितियों में अनुभवी कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, शोषण या परेशानी का सामना न करना पड़े। निगरानी समितियों का मुख्य उद्देश्य धान खरीदी के दौरान किसानों को समय पर टोकन, सही वजन, शीघ्र भुगतान, बिचौलियों पर रोक, भ्रष्टाचार एवं मनमानी पर नियंत्रण तथा शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष खरीदी सुनिश्चित करना है। सेवा सहकारी समिति सीपत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, जनपद सभापति एवं वरिष्ठ कांग्रेसी मनोज खरे, रघुनाथ साहू, दुलार कश्यप को शामिल किया गया है। इसके साथ ही अन्य केंद्रों के लिए भी समितियां बनाई गई हैं। यह निगरानी समितियां जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगी। कांग्रेस नेताओं ने सभी समिति सदस्यों से पूरी ईमानदारी, सजगता और संवेदनशीलता के साथ किसानों के हित में कार्य करने का आह्वान किया।

# राजनीतिक व व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा बनी भाजपा नेता की हत्या की वजह, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कटघोरा के भाजपा नेता व जनपद सदस्य की हुई नृशंस हत्या का सनसनीखेज मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। राजनीतिक व व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते यह वारदात को एक नाबालिग सहित कुल चार लोगों ने मिलकर योजबनाद्ध ढंग से वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी एक दिन पहले ही भाजपा नेता को मारने में असफल हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने मंगलवार को पुनः वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई एक चार पहिया वाहन, कुल्हाड़ी, तलवार सहित अन्य हथियारों को बरामद कर लिया है और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कारखाना एरिया निवासी भाजपा नेता अक्षय गर्ग मंगलवार की सुबह अपने वाहन इनोवा कार क्रमांक जेएच 05 डीके 2244 से ग्राम कटोरी नगोई स्थित अपने कार्यस्थल पर गए हुए थे। सुबह लगभग 9.30 बजे अक्षय गर्ग कैंप के पास मजदूरों से कामकाज को लेकर चर्चा कर रहे थे। तभी एक चार पहिया वाहन से तीन अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और धारदार लोहे की टंगिया व चापड़ से उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में अक्षय गर्ग के सिर, हाथ और पेट में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस की टीम ने संदिग्ध वाहनों की जांच और पूछताछ के बाद तीन मलदा निवासी आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद पिता महमूद अहमद उम्र 27 वर्ष, विश्वजीत ओग्रे (21 वर्ष), गुलशन दास (26 वर्ष) एवं एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद है। पूछताछ में मुख्य आरोपी मिर्जा मुस्ताक अहमद ने स्वीकार किया कि अक्षय गर्ग ठेकेदारी के कार्य में उसके काम को प्रभावित करता था और उसे कहीं भी ठेका नहीं लेने देता था, साथ ही हाल ही में हुए क्रिकेट प्रतियोगिता में फ्लेक्स में मिर्जा मुस्ताक अहमद की फोटो की नहीं छापने से भी नाराज़ था उसे यह बात नगवार गुजरी और इसी रंजिश के चलते मिर्जा मुस्ताक अहमद ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 4345 व टांगी, लोहे का तलवार को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।


**न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

प्रकरण क्रं 339/2025
आदेश दि. 12/12/2025
पेशी ता. 16/01/2026
प्रोसेस क्रं 1129

राकेश सखूजा वगै.
वादीगण // **विरूद्ध** //
**श्रीमती रंजू चौहान वगै. ...प्रतिवादीगण**

1/ श्रीमती रंजू चौहान उम्र 37 वर्ष पति श्री अरूण चौहान निवासी जबड़ापारा सरकण्डा बिलासपुर तह. एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2/ श्रीमती ममता गुप्ता उम्र वर्ष पति श्री भगवानदास निवासी जबड़ापारा सरकण्डा बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में वादीगण राकेश सखूजा एवं मुकेश सखूजा ने प्रतिवादीगण श्रीमती रंजू चौहान एवं ममता गुप्ता के विरूद्ध वाद वास्ते कब्जा कीमती 20/- रूपये अवैध मलमा हटाये जाने कीमती 50,000/- रूपये मध्यवर्ती लाभ 15,827/- कुल मूल्यांकन 65,547/- रूपये हेतु आवेदन पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 16/01/2026 को नियत है। इस प्रकरण में पेशी दिनांक 16/01/2026 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वतः उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 16/01/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित होता है, या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है, तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 12/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 12/12/2025
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

**(कु.कोनिका यादव)**
**न्यायालय श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ग्राम बेलसरी प.ह.नं.28

एतद् द्वारा ग्राम बेलसरी प.ह.नं.28 रा.नि.मं.व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय रजक पिता स्व. आशाराम जाति धोबी निवासी बेलसरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा पूर्व में अपने पिता आशाराम की मृत्यु दिनांक 20/10/2003 को ग्राम बेलसरी वार्ड नं.15 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमें दिनांक 06/01/2026 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तखतपुर**

---

**ईश्तहार**

सभी आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा पचपेड़ी प.ह.नं. 05 रा.नि.म. पचपेड़ी जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नं 230/4 रकबा 0.27 एकड़ भूमि स्वामिनी शिवकुमारी गुप्ता पति रामकुमार गुप्ता निवासी ग्राम पो. व थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि क्रेता सतीश घृतलहरे पिता विनोद घृतलहरे जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम चकरबेढ़ा पो. मल्हार तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर वाले के पास विक्रय करने का पक्का सौदा किया हूँ एवं बयाना राशि प्राप्त कर चूका हूँ जिसका निकटतम भविष्य में पंजीयन होना तय है।

यदि किसी बैंक निकाय, संस्था व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की आप्पति हो तो सुचना की अवधी दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ आप्पति दर्ज कर सकता है।

सुचना अवधी समाप्त हो जाने के बाद दावा आप्पति शून्य मानी जाएगी सो सूचना जाने।

**विक्रय**
**सतीश**
**नाम - शिवकुमारी गुप्ता**
**पति - रामकुमार गुप्ता**
**निवासी ग्राम व पो. व थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**मो.नं.-8305225406, 9981265293 6261354058**

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.....
ग्राम बेलसरी, प.ह.नं.28

एतद् द्वारा ग्राम बेलसरी प.ह.नं.28 रा.नि.मं.व तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय रजक पिता स्व.आशाराम जाति धोबी निवासी बेलसरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा पूर्व में अपनी दादी बेदीन पति भरोसा की मृत्यु दिनांक 06/04/1998 को ग्राम बेलसरी वार्ड नं. 15 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ. ग. में होने का हवाला देते हुए अपनी दादी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 06/01/2026 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दाव आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार तखतपुर**

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भूमिका वाल्टर पति श्री स्व. विकास वाल्टर निवासी मिशन रोड कोरबा तहसील कोरबा जिला कोरबा पर नाम से ग्राम छतौना प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 1007/54 रकबा 0.0140 हे. पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री निशांत कुमार राय पिता श्री सुरेश कुमार राय निवासी रूमगा तहसील मरवाही जिला गौ.पे. मरवाही द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 21 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगे। अस्तु सूचना जाने।

दिनांक 25.12.25

**राममनोहर दुबे**
**अधिवक्ता/नोटरी**
**स्टेट बैंक के सामने, नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.). मो. 9827173623**
**क्रेता : 8817653362**

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि, मेरे पक्षकार श्री तारन टंडन उम्र 40 वर्ष पिता कपूरचंद टंडन, जाति सतनामी निवासी ग्राम दौना थाना व तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा श्री सनत घृतलहरे उम्र 53 वर्ष पिता स्व.शिवा घृतलहरे, जाति सतनामी, निवासी ग्राम दौना, तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) के स्वामित्व व कब्जे की भूमि जो कि मौजा ग्राम दौना प.ह.न.06, रा.नि.म.बावली तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) में स्थित खसरा नं. 526/1, 527/1 रकबा क्रमशः 0.0370, 0.1090 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा दोनों पक्षों के मध्य ईकरारनामा दिनांक 24.11.2025 निष्पादित हुआ है तथा जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी है।

उक्त सौदे से किसी व्यक्ति शासकीय या अर्धशासकीय संस्था या कोई वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी, अतः सूचना जानें।

**रोहित कुमार गेंदले, अधिवक्ता**
**पता: तहसील कार्यालय पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**मो.9754471588**

---

**समक्ष नोटरी जिला-बिलासपुर**
**शपथ पत्र**

मैं पिनाल उपवेजा पिता श्री मुंशी राम उपवेजा (जीत टाकिज वाले) माता श्रीमती जीत कौर उपवेजा निवास दयालबंद बिलासपुर।

इस शपथ पत्र के माध्यम से सर्व साधारण को संसुचित करता हूं कि मेरा नाम अंग्रजी स्पेलिंग में PINAL UPVEJA तथा हिंदी वर्णमाला में पिनाल उपवेजा लिखा जाता है, जबकि मेरे कुछ व्यवसाय / सम्पत्ति एवं अन्य विधिक दस्तावेज में हिंदी लिपि में पीनल हो गया है।

इस प्रकार व्यवसायिक कार्य एवं अन्य विधिक दस्तावेज में मेरा नाम हिंदी वर्णमाला में यदि पीनल लिखा गया हों तो उसे (**PINAL UPVEJA**, पिनाल उपवेजा) पढ़ा एवं समझा जावें भविष्य में भी यदि किसी विधिक एवं व्यवसायिक दस्तावेज में मेरा नाम पीनल उपवेजा होगा तो उसे पिनाल उपवेजा (PINAL UPVEJA) ही पढ़ा जावें, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**पिनाल उपवेजा**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.. अ-6/2025-26

पक्षकार:- प्रफुल्ल चंद्र मेहता पिता स्व. त्रिभुवनलाल मेहता... आवेदक **बनाम** शांतिपुष्प एसोसिएटस बिलासपुर व्दारा प्रबंधक वर्किंग पार्टनर श्री ई. रमेन्द्र राव ...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रफुल्ल चंद्र मेहता पिता स्व. त्रिभुवनलाल मेहता निवासी लिंकरोड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मगरपारा शीट नं. 24 रकबा 8635 व.फु. भूमि स्थित है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि पर निर्मित राव ट्रेड सेंटर ब्लाक डी के तृतीय तल में प्रकोष्ठ क्रमांक 311 रकबा 216 व.फु. को अनावेदक शांतिपुष्प एसोसिएटस बिलासपुर द्वारा प्रबंधक वर्किंग पार्टनर श्री ई. रमेन्द्र राव से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 26.03.2016 के माध्यम से क्रय कर क्रय कर नामांतरण किय जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 12/01/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा। आज दिनांक 23/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**



मा. श्री रजनीश कुमार सिंह जी
अध्यक्ष-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर
श्रीमती रजनी साहू जी
उपाध्यक्ष-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर
के कार्यभार ग्रहण करने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दिनांक: 25 दिसम्बर 2025, समय: दोपहर 2.00 बजे से
स्थान: जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुख्यालय, नेहरू चौक बिलासपुर
कमलकांत पाटनवार
जिला अध्यक्ष
रूपवंत सिंह
जिला उपाध्यक्ष
रूद्रदत्त तिवारी
जिला महासचिव
लतिफ खान
सचिव
विद्याशंकर
प्रांतीय संयोजक
राम गोपाल साहू
जिला प्रतिनिधि
दिलीप शुक्ला
जिला प्रतिनिधि
लक्ष्मीकांत शास्त्री
अध्यक्ष सेंदरी
विनोद सिंह
प्रबंधक सेंदरी
प्रदीप शास्त्री
अध्यक्ष नगोई
उमेश शास्त्री
प्रबंधक नगोई
यशवंत सिंह
अध्यक्ष सेमरताल
राजेन्द्र साहू
प्रबंधक सेमरताल
चिन्तामणी पटेल
अध्यक्ष सरकंडा
पंचराम साहू
प्रबंधक सरकंडा
प्रहलाद यादव
अध्यक्ष पौंसरा
संतोष यादव
प्रबंधक पौंसरा
सुखनंदन सिंह
अध्यक्ष उच्चभट्ठी
अश्वनी कश्यप
प्रबंधक उच्चभट्ठी
सुनील कश्यप
अध्यक्ष सल्का
शैलेन्द्र कौशिक
प्रबंधक सल्का
श्रीमती संयोगिता कश्यप
अध्यक्ष बाम्हू
रूपेश कश्यप
प्रबंधक बाम्हू
बलराम वर्मा
अध्यक्ष टेकर
दिलीप शुक्ला
प्रबंधक टेकर
राजेन्द्र कश्यप
अध्यक्ष करमा
अरूण कश्यप
प्रबंधक करमा
कामता राठौर
अध्यक्ष किरारी
कृष्ण कुमार सिंह
प्रबंधक किरारी
सुबोध लहरे
अध्यक्ष वेद परसदा
दीपक सिंह
प्रबंधक वेद परसदा
रामूलाल अवध्या
अध्यक्ष चिल्हाटी
मनोहर लाल
प्रबंधक चिल्हाटी
राजेन्द्र राठौर
अध्यक्ष गतौरा
कोमल चंद्राकर
प्रबंधक गतौरा
बृजनंदन टंडन
अध्यक्ष दर्रीघाट
राजकुमार
अध्यक्ष टिकारी
कमोद मनहर
प्रबंधक टिकारी
रोहित कश्यप
अध्यक्ष धुर्वाकारी
संतोष कुमार यादव
प्रबंधक धुर्वाकारी
विनोद यादव
बिरकोना
अमित कौशिक
प्रबंधक बिरकोना
अमर सिंह
अध्यक्ष कर्रा
नवीन कश्यप
प्रबंधक कर्रा
संकलनकर्ता
राधेश्याम कोरी
मो. 9098761253
सौजन्य : समस्त सहकारी समिति कर्मचारी संघ, जिला-बिलासपुर (शाखा-बेलतरा, सेंदरी, सरकंडा एवं मस्तूरी)

## खबर संक्षेप

### शुभम विहार शिव मंदिर में हिंदू सम्मेलन आज

**बिलासपुर।** शुभम विहार सहित आसपास के कॉलोनियों व अपार्टमेंट्स के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन गुरुवार 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से शिव मंदिर प्रांगण शुभम विहार में किया जा रहा है। इसमें गहन मंथन कर हिंदुओं के मध्य व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करने के उपायों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। आयोजकों ने समस्त जागरूक हिंदुओं से आग्रह किया है कि इस सम्मेलन में उपस्थित रहकर अपने सकारात्मक सुझाव देने में सहयोग करें।

### गिरफ्तार किया गया कार पार्किंग संचालक

**बिलासपुर।** पुलिस का नाम लेकर धौंस दिखाने वाला कार पार्किंग



संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, 22 दिसंबर की सुबह रेलवे स्टेशन के पास कार पार्किंग के संचालक चुचुहियापारा निवासी राजकुमार उर्फ राजू यादव 59 साल कार पार्किंग की बात को लेकर आमजन से पुलिस से पहचान होने का रौब दिखकर अनावश्यक परेशान कर रहा था। आमजन ने धौंस दिखाते हुए उसका वीडियो बनाकर एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर तोरवा पुलिस ने कार पार्किंग संचालक राजकुमार उर्फ राजू यादव को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार सिटी मजिस्ट्रेट के कोर्ट में पेश किया गया है।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर मैनेजर से मारपीट

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर बस नेजर से जमकर मारपीट कर दी गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा अभिलाषा परिसर निवासी अनुराग सिंह पिता देवीशंकर सिंह रामदूत बस सर्विस में मैनेजर हैं। 21 दिसंबर को 7.30 बजे वह बस स्टैण्ड गेट नम्बर 1 के सामने अयोध्या से दुर्ग जाने वाली स्लीपर बस का हिसाब लेने गए थे। वहीं खड़े आटो चालक राजू राजपूत, मोनू बेग, पप्पू शास्त्री ने उनसे शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। मना करने पर गाली गलौज कर बेल्ट, हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर हमलावर राजू राजपूत, मोनू बेग, पप्पू शास्त्री के खिलाफ बीएनएस की धारा 15, 2, 119, 1, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### आनलाइन ठगी करने वाला जालसाज जामताड़ा से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रिफंड करने का झांसा देकर महिला से आनलाइन ठगी करने वाले जालसाज को पुलिस ने जामताड़ा से गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, वर्ष 2022 में देवनगर निवासी सुशीला बंजारे ने एनीडेस्क एप के माध्यम से आनलाइन सामान मंगाई थी। पैसा जमा करने के बाद भी सामान नहीं मिलने पर हेल्प लाइन लाइन मोबाइल नम्बर में संपर्क किया। जालसाज ने उन्हें पैसा रिफंड करने के एक लिंक भेजकर डाउनलोड करने कहा। रिफंड की आस में महिला ने लिंक सर्च किया तो उनके बैंक खाते से 1 लाख 99 हजार रुपए ट्रांसफर हो गया था। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 420, 66 डी के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई थी। तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर कोनी पुलिस ने झारखंड जामताड़ा में दबिश देकर जालसाज बाबूधन कर्मकार को गिरफ्तार कर लिया है।

# दिव्यांग बच्चे पढ़ेंगे कैसे, 14 जिलों में 17 स्कूल ही इनके लिए संचालित 77 हजार बच्चों के लिए 1000 शिक्षकों की कमी पहले से

**न स्कूल खोले जा रहे, न स्पेशल एजुकेटर की भर्ती हो रही, सामान्य छात्रों के साथ पढ़ाई करने के कारण ग्रोथ नहीं हो रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में दिव्यांग बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जो वर्तमान में 77 हजार से अधिक जा पहुंची है। दिव्यांग छात्रों की बढ़ते संख्या के मुताबिक पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। समाज कल्याण विभाग की ओर से सिर्फ 14 अलग-अलग जिलों में केवल 17 स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। पिछले साल यू-डाइस के आकड़ों के मुताबिक यहां छात्र अध्यनरत हैं जो दिव्यांग बच्चों की आबादी के एक फीसदी से कुछ ही ज्यादा है। शेष हजारों बच्चे सामान्य छात्रों के साथ सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाई करने की वजह से इनकी ग्रोथ नहीं हो रही है, क्योंकि इनपर विशेष रुप से ध्यान देने की व्यवस्था नहीं है। इधर राज्य के कुछ एनजीओ और प्राइवेट संस्थानों द्वारा महंगी फीस लेकर दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल टीचर के माध्यम से मदद जरूर ली जा रही है।

गौरतलब है कि सामान्य स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए सरकारी सेटअप में स्पेशल एजुकेटर की व्यवस्था की गई है पर इनके सैकड़ों पद रिक्त हैं। कई वर्षों से इन पदों पर भर्ती नहीं हो सकी है। इसके अलावा जिलों की बात करें तो बिलासपुर में 9551 और रायपुर में 7256 दिव्यांग बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। यह आंकड़ा दूसरे जिलों के हिसाब से लगभग दोगुना और तिगुना है। इसके अलावा मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दुर्ग, महासमुंद जिलों के लिए दिव्यांगों की बढ़ती संख्या के अनुसार स्कूलों और स्पेशल एजुकेटर की व्यवस्था नहीं होना बेहद चिंताजनक है।

### एक साल से चल ही रही भर्ती प्रक्रिया

विभागीय अधिकारी कहते हैं कि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इधर देखा जाए तो 1000 पदों पर भर्ती के लिए एक साल पहले करीब डेढ करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद भी स्पेशल एजुकेटर की यह भर्ती प्रकिया सिर्फ कागजों तक सीमित है। सूत्रों का कहना है कि स्पेशल एजुकेटर के भर्ती के नियम, पदोन्नति जैसे बायलॉज तैयार किए जा चुके हैं। इधर दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं के मुताबिक 2011 की जनगणना के अनुसार दिव्यांग बच्चों की संख्या करीब डेढ़ लाख है जबकि स्कूल के यू-डाइस में ये संख्या मात्र 77 हजार दर्ज है।

### 10 दिव्यांग बच्चों पर एक शिक्षक जरूरी



ज्ञात हो कि गाइडलाइन के मुताबिक प्राइमरी स्कूलों में 10 बच्चों पर एक शिक्षक और माध्यमिक व हायर सेकेंडरी कक्षाओं में 15 बच्चों पर एक शिक्षक होना चाहिए। इस हिसाब से वर्तमान में विशेष शिक्षकों की बड़े पैमाने पर कमी है। यानी लगातार भर्ती के बाद ही यह व्यवस्था सुधारी जा सकती है। फिहला देखा जाए तो दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए फिलहाल पूरे राज्य में कुछ एक शिक्षक ही नियुक्त हैं। इस बारे में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। कोर्ट ने निर्देश भी दिया है कि प्रत्येक स्कूल में एक विशेष शिक्षक अनिवार्य होना चाहिए। इसमें यह भी कहा गया की प्राथमिक स्तर में 10 दिव्यांग बच्चों के बीच में 1 स्पेशल शिक्षक, माध्यमिक स्तर में 15:1 स्पेशल शिक्षक का अनुपात होना चाहिए।

### जारी है प्रक्रिया

प्रदेश स्तर पर 'स्पेशल एजुकेटर्स' की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके लिए शिक्षक भर्ती और पदोन्नति नियम 2019 में बदलाव किया है। बदलाव के बाद दिव्यांग बच्चों के लिए खास टीचर्स (स्पेशल एजुकेटर्स) की भर्ती शुरू कर दी गई है। इसके लिए कुल 848 पद को मंजूरी दे दी गई है। ये टीचर दिव्यांग बच्चों को पढ़ाएंगे। शिक्षा विभाग ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है।

**- आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग

## फैक्ट्री संचालक ने दोनों मृतकों के परिजन को दी 10-10 लाख सहायता राशि

# फर्नीचर फैक्ट्री में आग: 15 घण्टे बाद दूसरे दिन सुबह 5.30 बजे 25 दमकल के पानी से आग पर पाया गया काबू

सिरगिट्टी स्थित मित्तल फर्नीचर फैक्ट्री दूसरे दिन सुबह तक धधकता रहा। बुधवार की सुबह 5.30 बजे 25 दमकल के पानी से आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया है। इधर आग से झुलसे दूसरे कर्मचारी की रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। मृतकों के परिजन ने फैक्ट्री के गेट मुआवजा राशि की मांग को लेकर जमकर हंगामा मचाया। संचालक ने दोनों मृतकों के परिजन को 10 लाख व 10 लाख 25 हजार रुपए सहायता राशि दी है।



फर्निचर फैक्ट्री में आग बुझाते दमकलकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

23 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सिरगिट्टी सेक्टर बी स्थित मित्तल फर्नीचर फैक्ट्री में शार्ट सर्किट होने से चिंगारी थिनर में गिरने से भीषण आग लग गई थी। भागते समय आग की चपेट में आकर कर्मचारी तिफरा निवासी अभिजीत उर्फ आयूष सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। वहीं दूसरा कर्मचारी भवानी नगर निवासी रितेश शुक्ला गंभीर रूप से झुलस गया था। शहर में प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए रायपुर लेकर जा रहे थे, किन्तु उन्होने रास्ते में दम तोड़ दिया। इधर देर रात भर एसडीआरएफ की टीम फोमयुक्त पानी डालकर आग बुझाने में लगी हुई थी। 15 घण्टे बाद करीब 25 दमकल पानी से सुबह 5.30 बजे आग पर काबू पाया गया है। टीआई किशोर केंवट ने बताया, आगजनी में फैक्ट्री में रखे पूरा सामान टैंकर, छोटा हाथी, 6 बाइक जलकर राख हो गई है। तेज आग की लपटों से फैक्ट्री का भवन जर्जर हो गया है।



मृतक

**आग से झुलसे दूसरे कर्मचारी की रायपुर ले जाते समय रास्ते में मौत**

### परिजन ने मुआवजा के लिए मचाया हंगामा



### दी गई मुआवजा राशि

24 दिसंबर को दोनों मृतकों के परिजन व क्षेत्र के लोगों ने फैक्ट्री के गेट पर धरना दे दिया। लोगों ने मुआवजा राशि की मांग की। सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फैक्ट्री संचालक ने 8 - 8 लाख रुपए देने की बात कही। जिससे परिजन अधिक राशि की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगे। बाद में फैक्ट्री संचालक के द्वारा 10 लाख 10 लाख व 25 - 25 हजार रुपए सहायता राशि दी गई। उसके बाद हंगामा शांत हुआ है।

# रात में शराबी ने तालाब में लगाई छलांग, डूबकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात में शराबी के तालाब में छलांग लगाने से हड़कंप मच गया। दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने तालाब में खोजकर शव बाहर निकाल लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, बाजारपारा निवासी भुजवल महंत पिता करणदास महंत 51 साल की पहली पत्नी छोड़कर चली गई है। उन्होंने दूसरी महिला से शादी की थी। 23 दिसंबर की रात में लोगों ने तालाब के पास बैठकर भुजवल महंत को शराब पीते देखा था। रात 9 बजे नशे में उसने तालाब में छलांग लगा दी। लोगों ने घटना की सूचना सकरी पुलिस को दी। सकरी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। रात में टीम ने खोजने की कोशिश की, किन्तु अधेरा होने से पता नहीं चल पाया था। 24 दिसंबर की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने तालाब में पतासाजी कर शव खोजकर बाहर निकाले। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# आटो चालक पर नुकीली वस्तु से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आटो चालक से मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला करने वाले फरार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



कोनी पुलिस के अनुसार, 16 दिसंबर को मदनपुर निवासी आटो चालक नरेश कुमार साहू को नेहरू चौक से सवार लेकर रानीगांव जा रहे थे। कोनी सेंट्रल यूनिर्वसिटी गेट के पास आटो खड़ी कर सवारी उतार रहे थे। इसी दौरान छोटी कोनी निवासी सोहराज सोनवानी पिता भानू सोनवानी 19 साल आया और आटो खड़ी करने की बात को लेकर मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया था। घटना के बाद से हमलावर फरार चल रहा था। 24 दिंसबर को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# एक तरफ से बनी, तो दूसरी तरफ उखड़ने लगी कुदुदंड की सड़क



**बिलासपुर।** बरसों से जर्जर सड़क पर आवागमन कर रहे कुदुदंडवासियों की मांग के बाद अब यह सड़क बनाई तो जा रही है, लेकिन बनकर भी यह नहीं बनने जैसी हालत में होने को है। अभी इस सड़क का निर्माण पूरा भी नहीं हुआ है और जो हिस्सा बनाया जा चुका है, वहां डामर से गिट्टी उखड़ने लगी है। डामरीकरण के नाम पर ठेकेदार केवल खानापूर्ति करते नजर आ रहे हैं।

सड़क निर्माण व सुधार के नाम पर खानापूर्ति जोरों पर है। यह हालत शहर की किसी एक सड़क की नहीं है, बल्कि पेचवर्क की जा रही सभी सड़कों की यही हालत है। लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब बीस से भी अधिक सड़कों का पेचवर्क कराया जा रहा है, लेकिन गुणवत्ता कहीं भी नजर नहीं आ रही है। पहली बार स्तरहीन कार्य का विरोध होने पर दिखाने के लिए दोबारा डामरीकरण किया जा रहा है, लेकिन यह काम भी उसी गुणवत्ता का ही है। ठेकेदारों के द्वारा सड़क पर दबाव बनाने कहीं भी बेलन का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि डामरीकरण के बाद सड़क पर प्रेशर नहीं पड़ने के कारण भी वह उखड़ रही है।

### सिंधी कॉलोनी-जरहाभाठा में भी यह हाल

बलराम टॉकीज के सामने से लेकर सिंधी कॉलोनी के बीच सड़क पर किए गए पेचवर्क का भी यही हाल है। पहले सड़क का डामरीकरण किया गया था, लेकिन लोगों के द्वारा उखड़ने की शिकायत करने के बाद फिर से काम कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस है। डामर की मात्रा एकदम कम होने की वजह से इस मार्ग पर भी कई जगहों पर गिट्टी उखड़ने लगी है।

### गुणवत्तापूर्ण काम करना होगा

ठेकेदार किस दर पर काम ले रहे हैं, यह अलग विषय है, लेकिन काम तो उन्हें गुणवत्तापूर्ण तरीके से ही करके देना होगा। इसमें किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

**- सीएस विंध्यराज,** लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता

**कुल 76 एकड़ जमीन का करना है सीमांकन**

# सप्ताहभर से कारीछापर में चल रहा निगम को दान में मिली जमीन का सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम को पंडित देवकीनंदन दीक्षित से दान में मिली जमीन का सीमांकन चल रहा है। राजस्व विभाग की टीम सीपत तहसील अंतर्गत कारीछापर में जमीन की नापजोख में लगी है और सप्ताहभर में लगभग 50 एकड़ जमीन का सीमांकन किया जा चुका है, जबकि कुल 76 एकड़ से अधिक जमीन का सीमांकन करना है।

- **राजस्व विभाग की टीम ने अब तक की 50 एकड़ भूमि की नापजोख**

राजस्व विभाग के आरआई व पटवारियों की टीम लगातार कारीछापर गांव जा रही है और जमीन का सीमांकन करने में लगी हुई है। राजस्व विभाग की टीम के साथ नगर निगम के भवन, नजूल शाखा के स्टाफ भी नापजोख में सहयोग के लिए जा रहे हैं। वैसे तो जमीन की नापजोख का कार्य 15 दिसंबर से शुरू हुआ था, किन्तु बीच-बीच में अवकाश पड़ने के कारण सप्ताहभर ही सीमांकन कार्य हो पाया है। अभी तक राजस्व विभाग की टीम लगभग 50 एकड़ जमीन की नापजोख कर चुकी है, वहीं करीब 36 एकड़ जमीन की नापजोख अभी और करना है। सीपत तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कारीछापर में नगर निगम की जमीन है। यह जमीन शहर के प्रतिष्ठित दानदाता पं. देवकीनंदन दीक्षित ने नगर पालिक निगम को दान में दी थी। शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण दान में मिली पं. देवकीनदंन दीक्षित ट्रस्ट की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा बेजा-कब्जा कर लिया गया है। कुछ जमीन पर बेजा कब्जा में खेती भी की जा रही है, वहीं अब भू माफिया की नजर भी इस जमीन पर है, यहां अवैध प्लाटिंग की तैयारी चल रही है। इसलिए नगर निगम अब इस जमीन का सीमांकन करा रही है ताकि आगे उस पर अतिक्रमण न होने पाए।



सीमांकन करते अधिकारी व कर्मचारी।

### कुल 107 खसरों की है जमीन

सीपत तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जुहली के आश्रित ग्राम कारीछापर में विभिन्न 107 खसर नंबरों की कुल 76. 87 एकड़ जमीन है। पं. देवकीनंदन दीक्षित ने आजादी के पहले साल 1943 में नगर पालिक परिषद को उक्त जमीन दान में दी थी। राजस्व रिकार्ड में जमीन का मालिक नगर निगम बिलासपुर है। राजस्व विभाग की टीम ने आज कुल 107 खसर नंबरों में 33 खसरों के जमीन की नापजोख की है। यह जमीन काफी दूर तक फैला हुआ है इसलिए पूरे जमीन का सीमांकन में समय लग रहा है।

### दूर तक फैली है जमीन

नगर निगम को सीपत के पास कालीछापर ग्राम में पंडित देवकीनंदन दीक्षित से दान में जमीन मिली थी। उक्त जमीन का सीमांकन कार्य चल रहा है। यह जमीन काफी दूर तक फैला हुआ है इसलिए सीमांकन में समय लग रहा है फिर भी आधा से ज्यादा जमीन का सीमांकन हो गया है।

**-जुगलकिशोर सिंह,** उप अभियंता, नजूल शाखा ननि

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में सम्मान समारोह आज

**बिलासपुर।** बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश कुमार सिंह को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का अध्यक्ष और श्रीमती रजनी साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके कार्यभार ग्रहण पर समस्त सहकारी समिति कर्मचारी संख्या शाखा बेलतरा, सेंदरी, सरकंडा और मस्तूरी की ओर से कमलकांत पाटनवार, रूपवंत सिंह, रूद्रदत्त तिवारी, लतीफ खान, विद्याशंकर, रामगोपाल साहू, दिलीप शुक्ला, लक्ष्मीकांत शास्त्री, विनोद सिंह, प्रदीप शास्त्री आदि ने शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर 25 दिसंबर दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित कर नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का सम्मान किया जाएगा।

फ्री चैकअप कैम्प
डायबिटीक फुट केयर
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.
25 से 28 दिसंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

## नागपुर की कंपनी कर रही सर्वे, दिसंबर माह तक सर्वे करना था पूरा

# अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे जनवरी तक होगा पूरा

**बिलासपुर।** शहर में बंद पड़ी अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का नागपुर की एमनेक नामक कंपनी द्वारा जीपीआर सर्वे किया जा रहा है। जीपीआर सर्वे का काम दिसंबर माह तक पूर्ण करना था, किन्तु अभी लगभग 10-15 फीसदी सर्वे काम बाकी है, इसलिए जनवरी माह तक सर्वे पूरा होने की संभावना जताई जा रही है।

नगर निगम द्वारा शहर में बंद पड़ी अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे के जरिए यह पता लगाया जा रहा है कि प्रोजेक्ट तहत कहां-कहां कितना पाइप लाइन बिछाई गई है और कहां-कहां काम बाकी है। अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का अधूरा काम होने की वजह से जमीन के नीचे कितनी पाइप लाइन बिछाई गई तथा कितना काम बाकी है, इसके लिए नगर निगम शहर में अधूरी पड़ी अंडरग्राउंड सीवरेज परियोजना का जीपीआर सर्वे कराया जा रहा है। कुछ माह पहले जीपीआर सर्वे के लिए निगम द्वारा टेंडर निकाला गया था और सर्वे कार्य का ठेका नागपुर की एमनेक नामक को मिला है। जीपीआर सर्वे का ठेका कुल 29 लाख 75 हजार रुपए में हुआ है। दिन में ट्रैफिक का दबाव रहता है और सर्वे कार्य में कई तरह की दिक्कत आएगी, इसलिए रात में सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर सीवरेज प्रोजेक्ट का एएस बिल्ड ड्राईंग तैयार किया जाएगा और रिपोर्ट निगम को सौंपी जाएगी। इसके लिए नगर निगम की ओर से सर्वे कंपनी को दिसंबर माह तक सर्वे के लिए समय सीमा दिया गया था। अभी तक 85-90 प्रतिशत सर्वे कार्य हो चुका है जबकि 10-15 फीसदी सीवरेज का सर्वे काम बचा है।

### टर्मिनेट सिंप्लेक्स कंपनी का 30 करोड़ राशि राजसात

अंडरग्राउंड सीवरेज प्रोजेक्ट का ठेका सिंप्लेक्स कंपनी के पास था, किन्तु सिंप्लेक्स कंपनी ने सीवरेज प्रोजेक्ट को अधूरा छोड़कर काम बंद कर दिया था। इसलिए नगर निगम ने अंतिम चेतावनी नोटिस जारी करने के बाद सिंप्लेक्स कंपनी को टर्मिनेट कर दिया है। सिंप्लेक्स कंपनी की सिक्यूरिटी डिपाजिट के रूप में जमा 30 करोड़ रुपए राजसात कर लिया गया है। इस राशि से ही सीवरेज के अधूरे कार्यों को पूरा कराने की योजना है।

### 10 फीसदी सर्वे बचा है

शहर में बंद पड़े सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे का काम चल रहा है और लगभग 90 प्रतिशत के आसपास सर्वे हो चुका है, जबकि 10 फीसदी सर्वे का काम बाकी होगा। सीवरेज प्रोजेक्ट का जीपीआर सर्वे जनवरी माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। जमीन के भीतर सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत कितना काम हुआ और कितना बाकी है, इसका पता जीपीआर सर्वे में चलेगा।

**-एसपी साहू**
प्रभारी, सीवरेज सेल नगर निगम

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152


हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. श्री रजनीश कुमार सिंह जी
अध्यक्ष-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर
श्रीमती रजनी साहू जी
उपाध्यक्ष-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर
के कार्यभार ग्रहण करने पर
हार्दिक शुभकामनाएं...
दिनांक : 25 दिसम्बर 2025
समय : दोपहर 2.00 बजे से
स्थान: जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय
नेहरू चौक, बिलासपुर
मनीष सिंह
सतीश राज
आशीष तिवारी
प्रशांत गौरहा
श्रीकांत दुबे
विनीत : समस्त कार्यकर्तागण
संकलन- रामगोपाल साहू
हरिभूमि प्रतिनिधि, लगरा मो. 9617938788
रामनिवास शर्मा


सुमीत बाजार ™
वूलन महासेल
BUY 4 & GET 50% OFF
BUY 3 & GET 40% OFF
BUY 2 & GET 30% OFF
*condition apply
5% CASHBACK# SBI card
#Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account;
Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.
*Applicable on WOOLLEN clothes for all age on MRP 600 & above
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE - 89820 44000